# उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी विशेष (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2010

# सामान्य अध्ययन

## हल प्रश्न-पत्र

## (अध्यायवार विश्लेषण सहित व्याख्या)

## प्राचीन इतिहास

### वैदिक सभ्यता

**1. ऋग्वेद में अघन्या का प्रयोग हुआ है–**

(a) बकरी के लिए (b) गाय के लिए

(c) हाथी के लिए (d) घोड़े के लिए

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या** – वैदिक काल में गायों का महत्वपूर्ण स्थान था। ऋग्वेद में अघन्या शब्द का प्रयोग गाय के लिए हुआ है। अघन्या का अर्थ ''न मारे जाने योग्य'' होता है। ऋग्वेद को इतिहासकार भारोपीय (भारत-यूरोपीय) भाषा परिवार की प्राचीनतम रचना मानते हैं। इसमें अग्नि, इन्द्र, मित्र, वरुण आदि देवताओं की स्तुतियां संग्रहीत हैं। इस ग्रन्थ के अनेक तथ्य अवेस्ता में मिलते हैं।

### सूत्रकाल, महाकाव्य काल, संगम काल

**2. विष्णु के किस अवतार को समुद्र से पृथ्वी का उद्धार करते हुए अंकित किया जाता है?**

(a) कच्छप (b) मत्स्य

(c) वाराह (d) नृसिंह

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या** – विष्णु के वाराह अवतार को समुद्र से पृथ्वी का उद्धार करते हुए दिखाया गया है। गुप्तकाल की कई मूर्तियाँ विष्णु के इस रूप में दिखाई गई हैं। वराह अवतार विष्णु जी का तीसरा अवतार माना जाता है।

### मौर्य एवं मौर्योत्तर काल

**3. मगध का कौन सा सम्राट 'अपरोपरशुराम' के नाम से जाना जाता है?**

(a) बिन्दुसार (b) अजातशत्रु

(c) कालाशोक (d) महापद्मनन्द

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या** – महापद्मनन्द को 'अपरोपरशुराम' के नाम से जाना जाता है। पुराणों के अनुसार नंद वंश का संस्थापक महापद्मनन्द एक शूद्र शासक था। इसे सर्वक्षत्रान्तक (क्षत्रियों का नाश करने वाला) तथा भार्गव (दूसरे परशुराम का अवतार) कहा गया है।

### गुप्तकाल एवं गुप्तोत्तर काल तथा वर्द्धन वंश

**4. 'मत्तविलासप्रहसन' का लेखक कौन था?**

(a) गौतमीपुत्र सातकर्णि (b) महाक्षत्रप रुद्रदामन

(c) महेन्द्र वर्मन (d) पुलकेशिन द्वितीय

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**– मत्तविलासप्रहसन का लेखक महेन्द्र वर्मन प्रथम था। यह एक नाटक है जिसमें कापालिक सम्प्रदाय और बौद्ध भिक्षुओं के माध्यम से समाज में व्याप्त धार्मिक स्थिति का व्यंगपूर्ण और मनोरंजक विवरण प्रस्तुत किया गया है। उल्लेखनीय है कि महेन्द्र वर्मन प्रथम पल्लव वंश का एक महान राजा था। पहले वह जैन धर्म का अनुयायी था किन्तु बाद में शैव संत अप्पर के प्रभाव में आकर वह शैव बन गया।

**5. भूमि स्पर्श मुद्रा की सारनाथ बुद्ध प्रतिमा सम्बन्धित है–**

(a) कुषाण काल से (b) गुप्त काल से

(c) वर्धन काल से (d) राजपूत काल से

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या** – गुप्त काल की चित्रकला का जन्म विशेषतः मथुरा शैली द्वारा स्थापित प्रतिमानों पर आधारित था। गुप्त मूर्तिकला का सर्वोत्तम उदाहरण सारनाथ की मूर्तियां और चित्रकला का सर्वोत्कृष्ट उदाहरण अजन्ता बौद्ध कला है। भूमि स्पर्श मुद्रा की कुछ प्रतिमा गुप्त काल से सम्बन्धित हैं। यह बौद्ध धर्म में सबसे महत्वपूर्ण मुद्राओं में से एक है जो भगवान बुद्ध के ज्ञान प्राप्ति का प्रतीक है।

**6. एलोरा के कैलाश मन्दिर का निर्माण कराया था–**

(a) राष्ट्रकूटों ने (b) वातापी के चालुक्यों ने

(c) गंग शासकों ने (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या** – एलोरा के प्रसिद्ध कैलाश मंदिर का निर्माण राष्ट्रकूट शासक कृष्ण प्रथम ने बनवाया था। यह शैलकृत स्थापत्य का अद्वितीय नमूना है। यह द्रविण शैली द्वारा स्थापित प्रतिमानों पर आधारित है। राष्ट्रकूट राजवंश का वास्तविक संस्थापक दन्तिदुर्ग था। इसकी राजधानी मान्यखेट वर्तमान मलखेड़, कर्नाटक राज्य में है।

## मध्यकालीन इतिहास

### दिल्ली सल्तनत

**7. अलबरूनी भारत में आया था–**

(a) नौवीं शताब्दी ई. में (b) दसवीं शताब्दी ई. में

(c) ग्यारहवीं शताब्दी ई. में (d) बारहवीं शताब्दी ई. में

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या** – अलबरूनी ग्यारहवीं शताब्दी में महमूद गजनवी के साथ भारत आया था। इसकी प्रसिद्ध पुस्तक किताब-उल-हिन्द तत्कालीन इतिहास जानने का एक महत्वपूर्ण स्रोंत है। इसमें भारतीय गणित, इतिहास, भूगोल, खगोल, दर्शन आदि की समीक्षा की गई है।

**8. निम्नलिखित सुल्तानों में से कौन अन्न के ऊपर कर समाप्त करने के लिए जाना जाता है?**

(a) अलाउद्दीन खिलजी (b) गयासुद्दीन तुगलक

(c) फिरोज तुगलक (d) सिकन्दर लोदी

**उत्तर**–(d)



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या** – बहलोल लोदी का उत्तराधिकारी सिकन्दर शाह लोदी हुआ जो लोदी वंश का सर्वश्रेष्ठ शासक था। उसने राज्य के हिसाब-किताब की लेखा परीक्षण प्रणाली की शुरुआत की और खाद्यान्न करों (अनाज कर) को समाप्त कर दिया तथा व्यापार से प्रतिबन्धों को हटा दिया जिससे लोगों की आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा मिल सके। इसने 1504 ई. में आगरा शहर की नींव रखी।

## भक्ति आन्दोलन

**9. भक्ति आन्दोलन के निम्नलिखित नायकों में से कौन इस्लाम से प्रभावित था?**

(a) चैतन्य (b) मीराबाई
(c) नामदेव (d) वल्लभाचार्य

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या** – नामदेव का जन्म (1270 ई.) एक दर्जी परिवार में हुआ था। बारकरी सम्प्रदाय के रूप में प्रसिद्ध विचारधारा की गौरवशाली परम्परा की स्थापना में इनकी प्रमुख भूमिका रही। ये भारत के प्रसिद्ध संत थे। इनके समय में नाथ और महानुभाव पन्थों का महाराष्ट्र में प्रचार था। इनके कुछ पद्यात्मक गीत गुरु ग्रन्थ साहिब में संकलित हैं। इन्होंने कुछ भक्तिपरक मराठी गीतों की रचना की जो अभंगों के रूप में प्रसिद्ध हैं। इन्होंने दिल्ली में सूफी सन्तों के वाद-विवाद में भी हिस्सा लिया था।

## मुगल साम्राज्य

**10. राणा सांगा ने निम्नलिखित युद्धों में से किसमें बाबर के विरुद्ध लड़ाई की थी?**

(a) पानीपत का युद्ध (b) खानवा का युद्ध
(c) चन्देरी का युद्ध (d) घाघरा का युद्ध

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या** – बाबर को भारत पर आक्रमण करने का निमंत्रण पंजाब के गवर्नर दौलत खां लोदी एवं मेवाड़ के शासक राणा सांगा ने दिया था। खानवा का युद्ध 17 मार्च, 1527 को राणा सांगा एवं बाबर के बीच हुआ जिसमें बाबर विजयी हुआ था। खानवा युद्ध में विजय के बाद बाबर ने गाजी की उपाधि धारण की थी। इसी युद्ध में बाबर ने ''जिहाद'' का नारा दिया था।

## मराठा वंश

**11. शिवाजी ने 'पुरन्दर की सन्धि' (1665 ई.) निम्नलिखित में से किस मुगल सेनानायक के साथ हस्ताक्षरित की थी?**

(a) जसवन्त सिंह (b) जय सिंह
(c) शाईस्ता खां (d) दिलेर खां

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या** – औरंगजेब ने जयसिंह प्रथम को शिवाजी के विरुद्ध भेजा। जयसिंह ने उसे पराजित कर वर्ष 1665 में पुरन्दर की सन्धि करने के लिए विवश कर दिया। पुरन्दर की सन्धि के फलस्वरूप शिवाजी को अपने 35 में से 23 (चार लाख हूण प्रतिवर्ष आय वाले) किले मुगलों को सौंपने पड़े तथा बीजापुर के खिलाफ मुगलों की सहायता करने का वचन देना पड़ा। शिवाजी के पुत्र शम्भाजी को मुगल दरबार में 5000 का मनसब दिया गया। पुरन्दर की सन्धि जयसिंह प्रथम की व्यक्तिगत विजय थी।

**12. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गये कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये :**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. बाबर | 1. जामा मस्जिद (संभल) |
| B. हुमायूं | 2. दीन पनाह |
| C. अकबर | 3. जहांगीरी महल |
| D. जहांगीर | 4. एत्माद-उद-दौला का मकबरा |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या** – सही सुमेलन है - • बाबर – जामा मस्जिद (संभल) • हुमायूँ – दीन पनाह (नई दिल्ली) • अकबर – जहाँगीरी महल (आगरा) • जहांगीर – एत्माद-उद्-दौला का मकबरा (आगरा)।

# आधुनिक इतिहास

## प्रमुख संस्थाएं, सन्धियां, आयोग, अधिनियम

**13. निम्नलिखित में से किसने भारत सरकार अधिनियम, 1935 को ''गुलामी का अधिकार पत्र'' कहा था?**

(a) जवाहरलाल नेहरू (b) एम. ए. जिन्ना
(c) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (d) मौलाना अबुल कलाम आजाद

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या** – पं. जवाहरलाल नेहरू ने 1935 के अधिनियम को दासता का अधिकार पत्र कहा। उन्होंने इस अधिनियम को एक ऐसी कार बताया जिसमें ब्रेक अनेक हैं लेकिन इंजन कोई नहीं। जिन्ना ने इस अधिनियम के बारे में कहा कि यह पूर्णतः सड़ा हुआ, मूल रूप से बुरा और बिल्कुल अस्वीकृत है। सी. राजगोपालाचारी ने इसे द्वैध शासन से भी बुरा कहा।

**14. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 1885 में महासचिव कौन था?**

(a) ए. ओ. ह्यूम (b) दादाभाई नौरोजी
(c) डब्ल्यू. सी. बनर्जी (d) फिरोज शाह मेहता

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या** – एलेन ऑक्टेवियन ह्यूम ने 1884 ई. में भारतीय राष्ट्रीय संघ की स्थापना की थी, जिसका प्रथम अधिवेशन 28 दिसम्बर, 1885 को मुम्बई (बम्बई) स्थित गोकुलदास तेजपाल संस्कृत विद्यालय में आयोजित किया गया था। इसी अधिवेशन में दादा भाई नौरोजी के सुझाव पर भारतीय राष्ट्रीय संघ का नाम बदलकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कर दिया गया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का महासचिव एलेन ऑक्टेवियन ह्यूम तथा प्रथम अध्यक्ष व्योमेश चन्द्र बनर्जी थे।

**15. वी.डी. सावरकर द्वारा स्थापित गुप्त संगठन का नाम क्या था?**

(a) युगान्तर समिति
(b) अनुशीलन समिति
(c) हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन
(d) अभिनव भारत

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या** – महाराष्ट्र में विनायक दामोदर सावरकर ने 1904 ई. में अभिनव भारत नामक संस्था की स्थापना की। विनायक दामोदर सावरकर और उनके भाई गणेश दामोदर सावरकर द्वारा स्थापित यह एक गुप्त संस्था थी। यह संस्था शुरुआत में मित्रमेला के रूप में नासिक में स्थापित की गयी थी। जो सशस्त्र विद्रोह के माध्यम से ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंकने में विश्वास रखती थी।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**16. डेकन एजूकेशनल सोसाइटी की स्थापना से कौन सम्बन्धित था?**

(a) जस्टिस रानाडे (b) फिरोजशाह मेहता

(c) बी. जी. तिलक (d) दयानन्द सरस्वती

**उत्तर–**(c)

**व्याख्या** – 1880 में लोकमान्य तिलक, एम. वी. नामजोशी तथा वी.के. चिपलनकर ने शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने के लिए पूणे में 'न्यू इंग्लिश स्कूल' की शुरुआत की। आगे चलकर इसमें वी.एस. आप्टे, जी.जी. अगरकर, वी. वी. केलकर, एम. एस. गोले तथा एन. के. धरप भी सहयोगी के रूप में शामिल हुए। शिक्षा को स्थायित्व प्रदान करने के लिए 24 अक्टूबर 1884 को दक्कन एजुकेशन सोसाइटी का गठन किया गया । न्यू इंग्लिश स्कूल को इस सोसाइटी के अंतर्गत पंजीकृत किया गया। बाद में एम.जी. रानाडे भी इसमें शामिल हुए। रानाडे संस्थापक सदस्य नहीं थे।

**17. भारतीय ब्रह्म समाज की स्थापना किसने की थी?**

(a) राजा राममोहन राय ने (b) देबेन्द्रनाथ टैगोर ने

(c) ईश्वर चन्द्र विद्यासागर ने (d) केशव चन्द्र सेन ने

**उत्तर–**(d)

**व्याख्या** – ब्रह्म समाज की स्थापना 20 अगस्त, 1828 ई. को राजा राममोहन राय तथा द्वारिका नाथ टैगोर द्वारा की गयी थी। ब्रह्म समाज के विचारों को लेकर 1865 ई. में केशव चन्द्रसेन व देवेन्द्र नाथ टैगोर के मध्य विवाद हुआ, जिसके कारण 1866 ई. में केशव चन्द्र सेन ने आदि ब्रह्म समाज की स्थापना की, बाद में यही "भारतीय ब्रह्म समाज' कहलाया।

## स्वतंत्रता संग्राम एवं राष्ट्रीय आन्दोलन

**18. निम्नलिखित में से किस आन्दोलन के साथ अरुणा आसफ अली जुड़ी थीं?**

(a) असहयोग आन्दोलन (b) सविनय अवज्ञा आन्दोलन

(c) वैयक्तिक सत्याग्रह (d) भारत छोड़ो आन्दोलन

**उत्तर–**(d)

**व्याख्या** – 14 जुलाई, 1942 को वर्धा में आयोजित कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में भारत छोड़ो आन्दोलन पर एक प्रस्ताव पारित किया गया। 7-8 अगस्त, 1942 को मुम्बई के ऐतिहासिक ग्वालिया टैंक मैदान में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की वार्षिक बैठक हुई। 8 अगस्त की बैठक में वर्धा प्रस्ताव की पुष्टि कर दी गई। भारत छोड़ो आंदोलन को अगस्त क्रान्ति के नाम से भी जाना जाता है। इसे भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष की अन्तिम महान लड़ाई भी माना जाता है। इस आन्दोलन से अरुणा आसफ अली जुड़ी थीं।

**19. कथन (A) :** कांग्रेस ने साइमन कमीशन का बहिष्कार किया था।

**कारण (R) :** साइमन कमीशन में एक भी सदस्य भारतीय नहीं था।

**सही उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूट का उपयोग करके कीजिये :**

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।

(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

**उत्तर–**(a)

**व्याख्या** – 1919 के भारत शासन अधिनियम में कहा गया था कि अधिनियम के पारित होने के दस वर्ष बाद एक संवैधानिक आयोग की नियुक्ति की जायेगी जो इस बात की जांच करेगा कि अधिनियम व्यवहार में कहां तक सफल रहा है तथा भारत उत्तरदायी शासन की दिशा में कहां तक प्रगति करने की स्थिति में है। आयोग की नियुक्ति दस वर्ष बाद की जानी थी लेकिन ब्रिटेन की तत्कालीन सरकार ने दो वर्ष पूर्व ही 8 नवंबर, 1927 को साइमन कमीशन की नियुक्ति कर दी। साइमन की अध्यक्षता में गठित आयोग में कुल सात सदस्य थे चूंकि इसके सभी सदस्य अंग्रेज थे इसलिए कांग्रेसियों ने इसे श्वेत कमीशन कहा। 11 दिसम्बर, 1927 को मद्रास में हुए एक कांग्रेस अधिवेशन में आयोग में एक भी भारतीय सदस्य को न नियुक्त किये जाने के कारण इसके बहिष्कार का निर्णय लिया गया। 3 फरवरी 1928 को साइमन कमीशन बंबई पहुंचा।

**20. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 1946 में मेरठ में आयोजित अधिवेशन की अध्यक्षता किसने की थी?**

(a) जे. बी. कृपलानी (b) मौलाना अबुल कलाम आजाद

(c) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (d) बी. पट्टाभि सीतारमैय्या

**उत्तर–**(a)

**व्याख्या** – भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का चौवनवां अधिवेशन 23-24 नवम्बर, 1946 को मेरठ में सम्पन्न हुआ इसकी अध्यक्षता आचार्य जे. बी. कृपलानी ने की थी। आजादी के समय यही कांग्रेस के अध्यक्ष थे।

# भारत का भूगोल

## भौतिक संरचना/अपवाह तंत्र/मानव भूगोल

**21. निम्नलिखित में से कौन एक कृष्णा नदी की सहायक नदी नहीं है?**

(a) भीमा (b) डान (c) तेल (d) तुंगभद्रा

**उत्तर–**(*)

**व्याख्या** – कृष्णा प्रायद्वीपीय भारत की दूसरी बड़ी नदी है। यह पश्चिमी घाट के पर्वत महाबलेश्वर के निकट से निकलकर दक्षिण-पूर्व दिशा में 1400 किमी. की लम्बाई में बहती है। कोयना, वर्णा, पंचगंगा, दूधगंगा, घाटप्रभा, मालप्रभा, भीमा, तुंगभद्रा और मूसी आदि इसकी प्रमुख सहायक नदियाँ हैं। डान (दोन) नदी रूस की प्रमुख नदी है जबकि तेल नदी रायपुर जिले के आदिवासी बाहुल्य देवभोग विकासखण्ड में बहती है। यह महानदी की सहायक नदी है, जो सोनपुर या सुबर्नपुर में एक-दूसरे से मिलती है।

## मानसून, वन, मिट्टी, सिंचाई परियोजनाएँ, कृषि

**22. निम्नलिखित स्थानों में से कहां पर आर्द्र जलवायु का अनुभव होता है?**

1. अहमदाबाद 2. कोच्चि 3. लुधियाना 4. तेजपुर

**नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये :**

**कूट :**

(a) केवल 1 तथा 2 (b) केवल 1 तथा 3

(c) केवल 2 तथा 3 (d) केवल 2 तथा 4

**उत्तर–**(d)

**व्याख्या** –कोचीन और तेजपुर में अधिक आर्द्र जलवायु का अनुभव होता है क्योंकि यहाँ वर्षा अधिक होती है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

## खनिज, शक्ति संसाधन एवं उद्योग व व्यापार

**23. 'इन्डियन ब्यूरो ऑफ माइन्स' का मुख्यालय अवस्थित है-**

(a) रांची में (b) अहमदाबाद में
(c) नागपुर में (d) मैसूर में

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या** – इण्डियन ब्यूरो ऑफ माइन्स का मुख्यालय नागपुर में है। इसकी स्थापना 1 मार्च 1948 को की गई थी। यह भारत सरकार के खनन मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत है।

**24. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गये कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये :**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. उकाई | 1. झारखण्ड |
| B. पत्रातू | 2. गुजरात |
| C. पेंच | 3. महाराष्ट्र |
| D. डभोल | 4. मध्य प्रदेश |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 1 | 3 | 4 | 2 |

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** – सही सुमेलन है -

| सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|
| उकाई | - | गुजरात |
| पत्रातू | – | झारखण्ड |
| पेंच | – | मध्य प्रदेश |
| डभोल | – | महाराष्ट्र |

**25. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गये कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये :**

| सूची-I (केन्द्र) | सूची-II (उद्योग) |
|---|---|
| A. कनकीनारा | 1. कालीन |
| B. विरुधनगर | 2. जूट |
| C. चन्ना पटना | 3. सूती वस्त्र |
| D. भदोही | 4. रेशम |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** – सही सुमेलन है-

| केन्द्र | | उद्योग |
|---|---|---|
| कनकीनारा | – | जूट |
| विरुधनगर | – | सूती वस्त्र |
| चन्ना पटना | – | रेशम |
| भदोही | – | कालीन। |

**26. निम्नलिखित में से कहां तेल शोधक कारखाना नहीं है?**

(a) कोयाली (b) नूनमाटी
(c) हटिया (d) बरौनी

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या** – देश में कुल 23 (18 रिफायनरी सार्वजनिक क्षेत्र में, 2 रिफायनरी संयुक्त उपक्रम के तहत तथा 3 रिफायनरी निजी क्षेत्र रिफायनरियों की स्थापना की गयी है। प्रश्नानुसार हटिया में कोई तेलशोधक कारखाना नहीं है। यह राँची जिले में स्थित एक छोटा कस्बा है।

**27. भारत के दो शीर्षस्थ बॉक्साइट उत्पादक राज्य हैं-**

(a) झारखण्ड एवं गुजरात (b) गुजरात एवं ओडिशा
(c) ओडिशा एवं महाराष्ट्र (d) ओडिशा एवं झारखण्ड

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** – बॉक्साइट टर्शियरी युग में निर्मित लैटेराइट शैलों से सम्बद्ध है जो एल्युमिनियम का आक्साइड है। यह अवशिष्ट अपक्षय का प्रतिफल है जिससे सिलिका का निक्षालन होता है। इंडियन मिनरल ईयर बुक 2021 के अनुसार देश के चार शीर्ष बाक्साइट उत्पादक राज्य क्रमशः हैं – ओडिशा (76.42%), गुजरात (7.35%), झारखंड (7.34%), छत्तीसगढ़ (3.51%)।

## परिवहन

**28. कार्यान्वित किए जा रहे राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना के उत्तर-दक्षिण तथा पूर्व-पश्चिम गलियारे मिलते हैं-**

(a) कानपुर में (b) लखनऊ में
(c) झांसी में (d) वाराणसी में

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या** – राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना के तहत उत्तर-दक्षिण तथा पूर्व-पश्चिम गलियारे झांसी में मिलते हैं। उत्तर-दक्षिण गलियारे (श्रीनगर-कन्याकुमारी) की लंबाई 4000 किमी. तथा पूर्व -पश्चिम गलियारे (सिलचर-पोरबंदर) की लंबाई 3300 किमी. है।

# विश्व का भूगोल

## ब्रह्माण्ड एवं सौरमण्डल

**29. यदि इंग्लैण्ड में एक क्रिकेट कमेन्ट्री 10 बजे पूर्वाह्न (जी.एम.टी.) से शुरू होती है, तो उसे भारत में भारतीय समयानुसार कितने बजे से सुनी जा सकती है?**

(a) 10 : 10 बजे पूर्वाह्न से (b) 4 : 30 बजे पूर्वाह्न से
(c) 3 : 30 बजे अपराह्न से (d) 2 : 30 बजे अपराह्न से

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या** – इंग्लैण्ड में क्रिकेट कमेन्ट्री का प्रारम्भ = 10 बजे पूर्वाह्न

चूँकि भारत, पूर्वी देशान्तर $82\frac{1}{2}^0$ पर अवस्थित है जबकि समय को एक देशांतर खिसकने में 4 मिनट का समय लगता है। अतः समय का अन्तराल होगा-

$82\frac{1}{2}^0 \times 4 = 330$ मिनट $= 5\frac{1}{2}$ घण्टा

इसलिए, भारत में यह 3 : 30 बजे अपराह्न से सुनी जायेगी।

## आर्थिक भूगोल

**30. निम्नलिखित में से कौन सा देश अपने कुल निर्यात से प्राप्त धन का लगभग दो-तिहाई चावल के व्यापार से प्राप्त करता है?**

(a) जापान (b) थाईलैण्ड
(c) इन्डोनेशिया (d) म्यांमार

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** – कुछ दशक पहले म्यांमार अपने कुल निर्यात से प्राप्त धन का लगभग दो-तिहाई चावल से प्राप्त करता था। वर्तमान में भारत विश्व का सर्वाधिक चावल निर्यातक देश है। अन्य प्रमुख चावल निर्यातक देश थाईलैण्ड, वियतनाम, पाकिस्तान, सं.रा. अमेरिका, चीन तथा म्यांमार हैं।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**31. अफ्रीका में सर्वाधिक तांबा उत्पादक देश है-**

(a) दक्षिण अफ्रीका (b) जाम्बिया
(c) केन्या (d) तन्जानिया

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या –** संसार में प्रागैतिहासिक काल से ही तांबे का प्रयोग हो रहा है। इसको टिन में मिश्रित करने पर कॉस्य (काँसा) तथा जस्ते में मिलाने पर पीतल बनता है। तांबे का प्रयोग विद्युत उद्योगों तथा बर्तन बनाने में अधिकांशतः होता है। विश्व में सर्वाधिक तांबा उत्पादक देश चिली है। प्रश्नकाल के दौरान अफ्रीका में सर्वाधिक तांबा उत्पादक देश जाम्बिया था। जबकि इंडियन मिनरल ईयरबुक 2021 के अनुसार अफ्रीका का सर्वाधिक तांबा उत्पादक देश कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य है।

**32. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है?**

(a) बोलीविया - टिन (b) ब्राजील – लौह अयस्क
(c) मेक्सिको - चांदी (d) पेरू - शोरा

**उत्तर–(*)**

**व्याख्या –** प्रश्नगत युग्मों में भंडारण अथवा उत्पादन के संबंध में किसी भी स्पष्ट क्रम का अभाव है। अतः प्रश्नगत युग्मों में एक से अधिक विकल्प सुमेलित नहीं हैं। वर्तमान में इंडियन मिनरल ईयर बुक 2021 के अनुसार, टिन भंडारण एवं उत्पादन में बोलिविया का छठां स्थान है। ब्राजील का लौह अयस्क भंडारण की दृष्टि से दूसरा तथा उत्पादन की दृष्टि से तीसरा स्थान है। मेक्सिको का चाँदी के उत्पादन में अग्रणी स्थान है। इसके अलावा शोरा उत्पादन में चिली तथा पेरू का प्रमुख स्थान है।

**33. किस देश में बाजार आधारित लौह एवं इस्पात के कारखानें हैं?**

(a) चीन में (b) भारत में
(c) जापान में (d) यू. के. में

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या –** जापान में बाजार आधारित लौह एवं इस्पात के कारखाने पाये जाते हैं। यवाटा में जापान का पहला लौह एवं इस्पात का कारखाना खुला था। देश की माँग के अनुरुप कच्चे लोहे एवं कोयले का भंडार नहीं होने के कारण जापान को इसका आयात करना पड़ता है।

**34. किस देश में उसके भौगोलिक क्षेत्र का सर्वाधिक प्रतिशत वनाच्छादित है?**

(a) चीन (b) भारत
(c) इंडोनेशिया (d) जापान

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या –** जापान में उसके भौगोलिक क्षेत्र का सर्वाधिक लगभग 67% वनाच्छादित है, जबकि वन स्थिति रिपोर्ट 2021 के अनुसार भारत के भू-भाग का 24.62% हिस्सा वनों एवं पेड़ों से घिरा है जो विश्व के कुल भू-भाग का केवल 2.4% है। भारत वन क्षेत्रफल के संदर्भ में शीर्ष 10 देशों में शामिल है।

## जनसंख्या एवं नगरीकरण

**35. 2011 जनगणना के अनन्तिम आंकड़ों के अनुसार भारत की जनसंख्या का कितना प्रतिशत उत्तर प्रदेश में रहता है?**

(a) लगभग 19% (b) लगभग 18%
(c) लगभग 17% (d) लगभग 16%

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या –** जनगणना 2011 के अनन्तिम आंकड़े के अनुसार भारत की जनसंख्या का 16.49% प्रतिशत उत्तर प्रदेश में रहता है, जबकि 30 अप्रैल, 2013 को जनगणना 2011 के अंतिम आंकड़े जारी किये गये। इसके अनुसार भारत की जनसंख्या का 16.51% उत्तर प्रदेश में रहता है।

**36. जनगणना 2011 के अनन्तिम आंकड़ों के आधार पर निम्नलिखित राज्यों को साक्षरता प्रतिशत के अनुसार अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिये और नीचे दिए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये :**

1. नगालैण्ड 2. हिमाचल प्रदेश
3. सिक्किम 4. त्रिपुरा

**कूट :**

(a) 1, 2, 3, 4 (b) 4, 3, 2, 1
(c) 4, 2, 3, 1 (d) 2, 4, 1, 3

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या –** जनगणना 2011 के अनन्तिम आंकड़ों के अनुसार निम्न राज्यों का साक्षरता प्रतिशत अवरोही क्रम में निम्नवत् है– त्रिपुरा (87.75%), हिमाचल प्रदेश (83.78%), सिक्किम (82.20%) तथा नगालैण्ड (80.11%)। जबकि 30 अप्रैल, 2013 को जारी जनगणना 2011 के अंतिम आंकड़ों के अनुसार राज्यों का साक्षरता प्रतिशत अवरोही क्रम में क्रमशः निम्नवत् है– त्रिपुरा (87.20%), हिमाचल प्रदेश (82.80%), सिक्किम (81.40%) तथा नगालैण्ड (79.60%) है।

**37. जनगणना 2011 के अनन्तिम आंकड़ों के अनुसार निम्नलिखित राज्यों में से किसका जनसंख्या घनत्व 100 से कम है?**

(a) नागालैण्ड (b) मेघालय
(c) मिजोरम (d) मणिपुर

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या –** जनगणना 2011 के अनन्तिम आंकड़ों के अनुसार भारत का जनघनत्व 382 है। प्रश्नानुसार सबसे कम जनघनत्व वाला राज्य मिजोरम है जिसका जनघनत्व 52 है, जबकि 30 अप्रैल, 2013 को जारी जनगणना 2011 के अंतिम आंकड़ों के अनुसार भारत का जनघनत्व 382 है जिसमें मिजोरम (52), मेघालय (132), नगालैण्ड (119) तथा मणिपुर (115) है।

**38. हर वर्ष जनसंख्या दिवस मनाया जाता है**

(a) जून 5 को (b) जून 11 को
(c) जुलाई 5 को (d) जुलाई 11 को

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या –** 11 जुलाई 1987 को विश्व जनसंख्या 5 अरब के आँकड़े को पार कर गयी थी। तत्कालीन संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की गवर्निंग काउंसिल द्वारा 1989 में विश्व जनसंख्या दिवस की स्थापना की गई।

**39. जनगणना 2011 के अनन्तिम आंकड़ों के अनुसार, भारत की जनसंख्या में स्त्रियों का प्रतिशत कितना है?**

(a) 49.80 (b) 48.46
(c) 47.98 (d) 47.24

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या –** जनगणना 2011 के अनन्तिम आंकड़ों के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या 1210193422 है जिसमें महिलाओं की जनसंख्या 586469174 है जो प्रतिशत रूप में 48.46% होगा। 30 अप्रैल, 2013 को जारी जनगणना 2011 के अंतिम आंकड़ों के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या 1210569573 है जिसमें महिलाओं की जनसंख्या 587447730 है जो प्रतिशत रूप में 48.52% होगा।

**40. जनगणना 2011 के अनन्तिम आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश की कुल जनसंख्या का 2001-11 के दौरान दशकीय वृद्धि दर थी :**

(a) 25.07% (b) 21.00%
(c) 20.30% (d) 20.09%

**उत्तर–(d)**



Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या** – जनगणना 2011 के अनन्तिम आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश की जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर 20.09% थी। 30 अप्रैल 2013 को जारी जनगणना 2011 के अंतिम आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश की दशकीय वृद्धि दर 20.2% थी।

**41. राज्य जिनमें 2011 जनगणना के अनन्तिम आंकड़ों के अनुसार महिला साक्षरता दर उच्चतम एवं न्यूनतम है, वे हैं क्रमशः**

(a) केरल और बिहार (b) केरल और झारखण्ड
(c) केरल और राजस्थान (d) केरल और उत्तर प्रदेश

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या** – जनगणना 2011 के अनन्तिम आंकड़ों के अनुसार महिला साक्षरता दर उच्चतम एवं न्यूनतम क्रमशः केरल (91.98%) और राजस्थान (52.66%) थी, जबकि 30 अप्रैल, 2013 को जारी जनगणना 2011 के अन्तिम आंकड़ों के अनुसार महिला साक्षरता दर उच्चतम एवं न्यूनतम क्रमशः केरल (92.10%) और बिहार (51.50%) है। जबकि बिहार की कुल साक्षरता 61.8% है।

**42. 2011 जनगणना के अनन्तिम आंकड़ों पर आधारित निम्नलिखित कथनों में से कौन सा एक उत्तर प्रदेश के लिए सही नहीं है?**

(a) उत्तर प्रदेश की जनसंख्या का 25% से कम शहरी क्षेत्र में रहता है।
(b) उत्तर प्रदेश भारत में सर्वाधिक शहरी जनसंख्या वाला राज्य है।
(c) इलाहाबाद उत्तर प्रदेश का सर्वाधिक जनसंख्या वाला जिला है।
(d) "कवाल नगर" दस लाख जनसंख्या से अधिक वाले नगरों की श्रेणी में आते हैं।

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** – जनगणना 2011 के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश की 22.27 प्रतिशत जनसंख्या शहरों में रहती है। भारत का सर्वाधिक शहरी जनसंख्या वाला राज्य महाराष्ट्र (45.2%) है। कवाल नगर दस लाख जनसंख्या से अधिक वाले नगरों की श्रेणी में आते हैं।

# भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था

## नागरिकता, मूल अधिकार, मूल कर्त्तव्य, राज्य के नीतिनिदेशक तत्व

**43. भारत के संविधान के अंतर्गत कौन सा अनुच्छेद कारखानों में बालकों के नियोजन का प्रतिषेध करता है?**

(a) अनुच्छेद 19 (b) अनुच्छेद 17
(c) अनुच्छेद 23 (d) अनुच्छेद 24

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** – संविधान के अनुच्छेद 24 के अनुसार 14 वर्ष से कम आयु वाले किसी बच्चे को कारखानों, खानों या अन्य किसी जोखिम भरे काम पर नियुक्त नहीं किया जा सकता है तथा संविधान के अनुच्छेद 23 के अनुसार बालात् श्रम किसी व्यक्ति की खरीद, बिक्री, बेगारी तथा इसी प्रकार का अन्य जबरदस्ती लिया हुआ श्रम निषिद्ध ठहराया गया है जिसका उल्लंघन विधि के अनुसार दण्डनीय अपराध है।

**44. निम्नलिखित अनुच्छेदों में से किस एक को डॉ. बी.आर. अम्बेडकर द्वारा संविधान का हृदय एवं आत्मा कहा गया था?**

(a) अनुच्छेद 14 (b) अनुच्छेद 25
(c) अनुच्छेद 29 (d) अनुच्छेद 32

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** – संविधान के अनुच्छेद 32 में मूल अधिकारों के संरक्षण के लिए संवैधानिक उपचारों का प्रावधान किया गया है। डॉ. भीम राव अम्बेडकर ने संवैधानिक उपचारों का अधिकार अर्थात् अनुच्छेद 32 को संविधान का हृदय एवं आत्मा कहा है।

**45. सूचना का अधिकार-**

(a) एक मूल अधिकार है। (b) एक विधिक अधिकार है।
(c) दोनों (a) तथा (b) (d) न तो (a) और न (b)

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** – सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना मांगने का अधिकार प्रदान किया गया। यह एक विधिक अधिकार है। पारदर्शिता युक्त शासन तथा भ्रष्टाचार मुक्त समाज बनाने के लिए 12 मई, 2005 को 'सूचना का अधिकार अधिनियम-2005' दोनों सदनों से पारित हो गया, जिसे 15 जून, 2005 को राष्ट्रपति की अनुमति मिली और अन्ततः 12 अक्टूबर, 2005 को यह कानून लागू किया गया।

**46. निम्नलिखित में से किसे द्वितीय पीढ़ी का मानव अधिकार समझा जाता है?**

(a) काम का अधिकार (b) शिक्षा का अधिकार
(c) स्वतंत्रता का अधिकार (d) समता का अधिकार

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** – द्वितीय पीढ़ी का मानव अधिकार समता के अधिकार को जाना जाता है। दूसरी पीढ़ी के मानव अधिकार समानता से संबंधित हैं। इन्हें द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सरकारों ने मान्यता दी। ये मूलरूप से आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार हैं। ये प्रत्येक नागरिक को समान स्थितियों और बर्ताव की गारंटी देते हैं। इन अधिकारों को कभी-कभी 'लाल अधिकार' भी कहा जाता है। प्रथम पीढ़ी के अधिकारों में नागरिक एवं राजनीतिक अधिकार शामिल हैं। जबकि तृतीय पीढ़ी के अधिकार में शांति, विकास, स्वच्छ पर्यावरण, खाद्य सुरक्षा जैसे अधिकार शामिल हैं। तृतीय पीढ़ी के अधिकारों को सामूहिक/एकात्मक अधिकार कहा जाता है।

## संघ एवं राज्य की कार्यपालिका, आपात उपबन्ध

**47. निम्नलिखित में से किसे भारत सरकार का प्रथम विधि अधिकारी समझा जाता है?**

(a) भारत के मुख्य न्यायाधीश (b) महान्यायाभिकर्ता
(c) महान्यायवादी (d) महाधिवक्ता

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या** – संविधान के अनुच्छेद 76 के तहत महान्यायवादी की नियुक्ति राष्ट्रपति के द्वारा की जाती है। यह भारत सरकार का प्रथम विधि अधिकारी होता है। वह राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यन्त अपने पद को धारण करता है। वर्तमान में भारत के महान्यायवादी आर. वेंकटरमणि हैं।

**48. संघ लोक सेवा आयोग अपना वार्षिक प्रतिवेदन सौंपता है**

(a) प्रधानमंत्री को (b) राष्ट्रपति को
(c) लोक सभा के अध्यक्ष को (d) गृह मंत्री को

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** –संविधान के भाग-14 के अन्तर्गत अनुच्छेद 315-323 में संघीय एवं राज्य लोक सेवा आयोग के गठन का प्रावधान है। संघ लोक सेवा आयोग प्रतिवर्ष अपने कार्यों का विवरण राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत करता है, जिनमें उन मामलों का उल्लेख रहता है जिन पर सरकार ने कोई परामर्श नहीं लिया है अथवा आयोग के परामर्श को सरकार ने स्वीकार नहीं किया है। यह प्रावधान अनु. 323 में उल्लिखित है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**49. नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं एक को कथन (A) कहा गया है जबकि दूसरे को कारण (R) कहा गया है :**

**कथन (A) :** कोई व्यक्ति उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने का पात्र तभी होगा जब वह राज्यसभा का सदस्य होने के लिए अर्हित है।

**कारण (R) :** उपराष्ट्रपति राज्यसभा का पदेन सभापति होता है।

**उपरोक्त वक्तव्यों के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित में से कौन सा उत्तर सही है?**

(a) दोनों (A) और (R) सत्य हैं तथा (R), (A) का एक मान्य स्पष्टीकरण है।
(b) दोनों (A) तथा (R) सत्य हैं, परन्तु (R), (A) का एक मान्य स्पष्टीकरण नहीं है।
(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** – कोई व्यक्ति उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने के योग्य तभी होगा जब वह - • भारत का नागरिक हो। • राज्यसभा का सदस्य निर्वाचित होने के योग्य हो। • निर्वाचन के समय किसी प्रकार के लाभ के पद पर नहीं हो। • वह संसद के किसी सदन या राज्य विधानमण्डल के किसी सदन का सदस्य नहीं हो सकता और यदि सदन का कोई सदस्य उपराष्ट्रपति निर्वाचित हो जाता है तो यह समझा जाएगा कि उसने उस सदन का अपना स्थान अपने पद ग्रहण की तारीख से रिक्त कर दिया है। उपराष्ट्रपति राज्यसभा का पदेन सभापति होता है।

**50. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

1. प्राण और दैहिक स्वतंत्रता के संरक्षण का मूल अधिकार आपातकाल में निलम्बित नहीं किया जा सकता है।
2. भारत के उपराष्ट्रपति को उनके पद से राज्य सभा द्वारा पारित किये गए और लोक सभा द्वारा सहमत व्यक्त किए गए संकल्प द्वारा हटाया जा सकता है।
3. वर्तमान में राज्य सभा में विपक्ष के नेता भी अरुण जेटली हैं।
4. योजना आयोग के अध्यक्ष श्री मोंटेक सिंह अहलूवालिया हैं।

**इन कथनों में**

(a) केवल 1 तथा 2 सही हैं। (b) केवल 2 तथा 3 सही हैं।
(c) केवल 3 तथा 4 सही हैं। (d) केवल 1, 2 तथा 3 सही हैं।

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** –संविधान के अनुच्छेद 21 में प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार दिया गया है। इसे आपातकाल में निलम्बित नहीं किया जा सकता। भारत के उपराष्ट्रपति को उसके पद से राज्यसभा द्वारा पारित किए गए और लोकसभा द्वारा सहमत व्यक्त किए गए संकल्प द्वारा हटाया जा सकता है। प्रश्नकाल के दौरान राज्यसभा में विपक्ष के नेता अरुण जेटली (2009-2014) थे। मोंटेक सिंह अहलूवालिया योजना आयोग के उपाध्यक्ष (2004-2014) थे। योजना आयोग के अध्यक्ष प्रधानमंत्री होते थे। 1 जनवरी 2015 से योजना आयोग के स्थान पर नीति आयोग की स्थापना की गई है।

## विधान मण्डल : मंत्रिपरिषद

**51. किसी राज्य के मुख्यमंत्री से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों में से कौन सा एक सही नहीं है?**

(a) मुख्यमंत्री राज्यपाल द्वारा नियुक्त किये जाते हैं।
(b) सामान्यतः मुख्यमंत्री मंत्रि-परिषद् के बैठकों की अध्यक्षता करते हैं।
(c) राज्यपाल मुख्यमंत्री की सलाह पर अपने समस्त कृत्यों का प्रयोग करते हैं।
(d) मंत्रियों की नियुक्ति राज्यपाल, मुख्यमंत्री की सलाह पर करते हैं।

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या** – मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा संविधान के अनुच्छेद 164 के तहत की जाती है जो विधानसभा में बहुमत दल का नेता होता है। मंत्रिपरिषद् की बैठकों की अध्यक्षता मुख्यमंत्री करता है। मुख्यमंत्री की सलाह पर राज्यपाल मंत्रिपरिषद् के अन्य सदस्यों की नियुक्ति करता है। परंतु राज्यपाल के पास कुछ विवेकाधीन शक्तियां भी होती है, इसलिए राज्यपाल समस्त कृत्य मुख्यमंत्री के सलाह पर ही नहीं करता है।

## संघ एवं राज्य संबंध, प्रशासन, जम्मू कश्मीर राज्य

**52. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 370 सम्बन्धित है**

(a) जम्मू-कश्मीर राज्य से (b) सिक्किम राज्य से
(c) नागालैण्ड राज्य से (d) मणिपुर राज्य से

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** – जम्मू कश्मीर को अनुच्छेद 370 के तहत विशेष दर्जा प्राप्त था। परंतु वर्तमान में राष्ट्रपति के आदेश द्वारा इस अनुच्छेद को निष्प्रभावी कर दिया गया है तथा जम्मू-कश्मीर राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के तहत जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को केन्द्रशासित प्रदेश का दर्जा प्रदान कर दिया गया है।

**53. कावेरी नदी के जल बंटवारे का विवाद किन राज्यों से सम्बन्धित है?**

(a) तमिलनाडु तथा कर्नाटक
(b) तमिलनाडु, कर्नाटक एवं केरल
(c) तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल तथा गुजरात
(d) तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल तथा पांडिचेरी

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** – प्रमुख प्रायद्वीपीय नदियों में से एक कावेरी नदी जिसका उद्गम स्थल कर्नाटक के कोडागु जिले में ब्रह्मगिरि पर्वत पर है। इसका प्रवाह बेसिन केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु एवं पुडुचेरी तक विस्तारित है। कावेरी नदी जल विवाद भी इन्हीं 3 राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्र पुडुचेरी से संबंधित है।

## न्याय व्यवस्था (संघ एवं राज्य)

**54. बम्बई, मद्रास और कलकत्ता में उच्च न्यायालयों की स्थापना कब हुयी थी?**

(a) 1861 में (b) 1851 में
(c) 1871 में (d) 1881 में

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** – ब्रिटिश संसद ने 1861 ई. में भारतीय उच्च न्यायालय अधिनियम पारित किया और इसी के साथ भारत में उच्च न्यायालयों के इतिहास का आरंभ हुआ। इस अधिनियम द्वारा ब्रिटिश क्राउन को आवश्यकतानुसार उच्च न्यायालय स्थापित करने का प्राधिकार दिया गया था। 1862 में कलकत्ता, मद्रास और बम्बई में उच्च न्यायालय स्थापित किये गये। वर्तमान में कुल 25 उच्च न्यायालय कार्यरत हैं।

# अर्थव्यवस्था

## विकासशील एवं विकसित अर्थव्यवस्था

**55. निम्नलिखित में से कौन सा कार्यक्रम ग्रामीण अवस्थापना विकास कोष (RIDF) के अंतर्गत नहीं आता?**

(a) ग्रामीण जलापूर्ति (b) ग्रामीण सड़कें
(c) ग्रामीण विद्युतीकरण (d) ग्रामीण उद्योग

**उत्तर–(d)**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या** – ग्रामीण अवस्थापना या बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में वर्ष 1995-96 में 2000 करोड़ रु. के प्रारंभिक निवेश से ग्रामीण अवस्थापना विकास फण्ड (Rural Infrastructure Development Fund – RIDF) की स्थापना की गई। इसका उद्देश्य राज्य सरकारों तथा राज्य के स्वामित्व वाले निगमों के लिए फण्ड की व्यवस्था करना है जिससे वे ग्रामीण अवस्थापना परियोजनाओं को पूरा कर सकें। इसके अंतर्गत वाटरशेड प्रबंधन, मृदा संरक्षण, मध्यम एवं लघु सिंचाई, सड़कें, विद्युतीकरण आदि ग्रामीण बुनियादी ढ़ाँचे से संबंधित कार्यक्रम आते हैं।

**56. जे. एन. एन. यू. आर. एम. का सम्बन्ध निम्नलिखित में से किसमें सुधार करने से है?**

(a) ग्रामीण भवननिर्माण

(b) शहरी तथा ग्रामीण विपणन संरचना

(c) शिक्षित व्यक्तियों को रोजगार

(d) शहरी अधो संरचना

**उत्तर–**(d)

**व्याख्या** – जवाहरलाल नेहरू नेशनल अर्बन रिनुअल मिशन (JNNURM) दिसम्बर 2005 में शुरू किया गया। इस योजना का उद्देश्य भारत के कुछ चुने हुए शहरों में विकास को गति प्रदान करना था। प्रारंभ में इसे 7 वर्षों (2012 तक) के लिए शुरू किया गया था परन्तु बाद में इसे दो वर्षों के लिए बढ़ाकर मार्च 2014 तक जारी रखा गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत दो उप-मिशन हैं-

1. शहरी अवस्थापना और शासन हेतु उप-मिशन- इसके अंतर्गत जलापूर्ति, स्वच्छता, सीवरेज, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सड़क नेटवर्क, शहरी परिवहन एवं पुराने शहरों के पुनर्विकास से संबंधित परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया जाता है।

2. शहरी गरीबों के लिए बुनियादी सेवाओं हेतु उपमिशन-इसके अंतर्गत आश्रय, बुनियादी सेवाएं एवं अन्य नागरिक सुविधाएं प्रदान करने वाली परियोजनाओं के माध्यम से मलिन बस्तियों का एकीकृत विकास करने का प्रबंध किया गया है।

**57. सार्वजनिक वस्तुओं की कीमत निर्धारण हेतु 'छाया कीमतों' की अवधारणा को किसने प्रतिपादित किया था?**

(a) जे. टिनबरगिन ने (b) ए. के. सेन ने

(c) पी. सी. महालनोबीस ने (d) आर. नर्क्स ने

**उत्तर–**(a)

**व्याख्या** – छाया कीमतों का प्रयोग पूंजी निवेश के प्रस्तावों के मूल्यांकन के लिए किया जाता है। इस अवधारणा को सर्वप्रथम डच अर्थशास्त्री जे. टिनबरगिन ने वर्ष 1979 में दिया था।

## आर्थिक नियोजन एवं राष्ट्रीय आय/बजट

**58. भारत में राष्ट्रीय आय के मापने का निम्नलिखित में कौन सा सही आधार वर्ष है?**

(a) 2000 - 01 (b) 2001 - 02

(c) 2004 - 05 (d) 2005 - 06

**उत्तर–**(c)

**व्याख्या** –केंद्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (C.S.O.) द्वारा राष्ट्रीय आय संबंधी आँकड़े प्रचलित मूल्यों तथा स्थिर आधार वर्ष मूल्यों पर जारी किए जाते हैं। स्थिर मूल्यों पर सकल घरेलू उत्पाद (GDP) व राष्ट्रीय आय संबंधी आँकड़ों के प्राकलन के लिए 2004-05 आधार वर्ष को बदलकर 2011-12 कर दिया गया है।

**59. वार्षिक आर्थिक समीक्षा को तैयार करने के लिए निम्नलिखित में से कौन उत्तरदायी है?**

(a) योजना मंत्रालय (b) वित्त मंत्रालय

(c) भारतीय रिजर्व बैंक (d) केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन

**उत्तर–**(b)

**व्याख्या** – बजट एवं आर्थिक समीक्षा, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा तैयार किया जाता है। यह देश की आर्थिक पृष्ठभूमि की एक संक्षिप्त तस्वीर प्रस्तुत करता है। आमतौर पर, केन्द्रीय बजट की घोषणा के एक दिन पहले यह जारी किया जाता है।

## कृषि, उद्योग एवं व्यापार

**60. सहकारिता क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा उर्वरक कारखाना स्थित है–**

(a) फूलपुर (उ. प्र.) में (b) हज़ीरा (गुजरात) में

(c) हल्दिया (पश्चिम बंगाल) में (d) सीवान (बिहार) में

**उत्तर–**(a)

**व्याख्या** – सहकारिता क्षेत्र का भारत का सबसे बड़ा उर्वरक कारखाना इफको है। यह उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के फूलपुर में अवस्थित है।

**61. भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 2010-11 में कृषि और संबंधित क्षेत्रों का योगदान कितना रहा है?**

(a) लगभग 20 प्रतिशत (b) लगभग 15 प्रतिशत

(c) लगभग 10 प्रतिशत (d) लगभग 8 प्रतिशत

**उत्तर–**(b)

**व्याख्या** – आर्थिक समीक्षा 2011-12 के अनुसार वर्ष 2010-11 में GDP में कृषि एवं संबंद्ध क्षेत्र का हिस्सा 14.5 प्रतिशत, उद्योग क्षेत्र का हिस्सा 27.8 प्रतिशत तथा सेवा क्षेत्र का हिस्सा 57.7 प्रतिशत है। आर्थिक समीक्षा 2021-22 के अनुसार, वर्तमान कीमतों पर सकल मूल्यवर्धन (GVA) में कृषि एवं संवद्ध क्षेत्र, उद्योग क्षेत्र तथा सेवा क्षेत्र का योगदान क्रमशः – 18.8%, 28.2% तथा 53% का है।

**62. विशेष कृषि एवं ग्राम उद्योग योजना का मुख्य उद्देश्य है**

(a) कृषि निर्यात का संवर्द्धन।

(b) खाद्य फसलों की उत्पादकता बढ़ाना।

(c) तिलहन की खेती बढ़ाना।

(d) दलहन की खेती का संवर्द्धन।

**उत्तर–**(a)

**व्याख्या** – कृषि निर्यात का संवर्द्धन करना विशेष कृषि एवं ग्राम उद्योग योजना का मुख्य उद्देश्य है। यह योजना वित्तीय वर्ष 2004-05 में शुरू की गई थी।

**63. राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के लिए निम्नलिखित में से कौन सी वित्त व्यवस्था सही है?**

| | **राज्य** | **केन्द्र** |
|---|---|---|
| (a) | 0% | 100% |
| (b) | 25% | 75% |
| (c) | 50% | 50% |
| (d) | 75% | 25% |

**उत्तर–**(a)

**व्याख्या** – राष्ट्रीय कृषि विकास योजना 2007 में प्रारम्भ की गई। इसका प्रमुख उद्देश्य राज्यों को कृषि तथा कृषि सम्बद्ध क्षेत्रों में विनियोग को प्रेरणा प्रदान करना है। पूर्व में इस योजना को 100 प्रतिशत केंद्रीय सहायता प्राप्त होती थी। वर्ष 2015-16 से योजना की वित्तपोषण प्रणाली को केंद्र और राज्यों के बीच 60:40 (पूर्वोत्तर एवं हिमालयी राज्यों के लिए 90:10) के अनुपात में संशोधित किया गया है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**64. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है?**

(a) गोस्वामी समिति - औद्योगिक रुग्णता की समस्या
(b) जानकी रमन समिति - शेयर घोटाले की जांच पड़ताल
(c) मल्होत्रा समिति - बीमा क्षेत्र में सुधार
(d) तारापोर समिति - बैंकों में ग्राहक सेवा

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** – सही सुमेल है - • गोस्वामी समिति – औद्योगिक रुग्णता की समस्या, • जानकी रमन समिति – शेयर घोटाले की जांच पड़ताल, • मल्होत्रा समिति – बीमा क्षेत्र में सुधार, • तारापोर समिति – भारतीय मुद्रा का चालू खाते पर परिवर्तनीयता।

## मुद्रा/बैंकिंग एवं कर प्रणाली, केन्द्र राज्य वित्तीय सम्बन्ध

**65. भारत में सिक्के जारी करने के लिए कौन अधिकृत है?**

(a) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (b) वित्त मंत्रालय
(c) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (d) राष्ट्रीय स्टॉक बाजार

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** – एक रुपये के नोट तथा सिक्के का निर्गमन वित्त मंत्रालय (भारत सरकार) करता है तथा इसके अतिरिक्त समस्त करेंसी नोटों का निर्गमन रिजर्व बैंक करता है।

**66. तेरहवें वित्त आयोग की सिफारिशों का प्रावधान किस अवधि से सम्बद्ध है?**

(a) 2005 – 10 से (b) 2009 – 14 से
(c) 2010 – 15 से (d) 2014 – 19 से

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या** – वित्त आयोग की स्थापना राष्ट्रपति द्वारा संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत की जाती है। अभी तक 15 वित्त आयोगों का गठन हो चुका है। तेरहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष विजय केलकर थे। इनकी सिफारिशें वर्ष 2010-15 तक लागू थीं। 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. एन.के. सिंह हैं। इनकी सिफारिशें वर्ष 2020-21 तथा 2021-26 तक लागू होंगी।

**67. चालू खाते में रुपये की पूर्ण परिवर्तनीयता को किस वर्ष से घोषित किया गया?**

(a) 1994 से (b) 1996 से
(c) 1998 से (d) 2001 से

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** – मार्च 1993 में 1993-94 का बजट प्रस्तुत करते हुए वित्तमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने व्यापार खाते पर रुपये की पूर्ण परिवर्तनीयता की घोषणा की। एक वर्ष के अनुभव के बाद 1994-95 के बजट में सरकार ने 28 फरवरी, 1994 को चालू खाते पर रुपये की पूर्ण परिवर्तनीयता की घोषणा की। ध्यातव्य है कि चालू खाते में मुख्य रूप से आयात-निर्यात तथा अदृश्य व्यापार आते हैं।

**68. पंजाब नेशनल बैंक में विलय होने वाला वाणिज्यिक बैंक है**

(a) बैंक ऑफ इण्डिया (b) न्यू बैंक ऑफ इण्डिया
(c) भारत ओवरसीज बैंक (d) ओरियण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** – पंजाब नेशनल बैंक में विलय होने वाला बैंक 'न्यू बैंक ऑफ इंडिया' था।यह विलय वर्ष 1993 में हुआ था। वर्तमान में पंजाब नेशनल बैंक में ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स तथा यूनाइटेड बैंक ऑफ इण्डिया का विलय किया गया है। सरकार द्वारा इसकी घोषणा 30 अगस्त, 2019 को की गई। वर्तमान में कुल 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक कियाशील हैं।

## भारत का विदेश व्यापार एवं आर्थिक संगठन, शेयर बाजार

**69. निम्नलिखित में से कौन सा देश दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ का सदस्य नहीं है?**

(a) भारत (b) पाकिस्तान
(c) कम्बोडिया (d) नेपाल

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या** – दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ (सार्क) की स्थापना 8 दिसम्बर, 1985 को ढाका में हुई थी। यह संगठन आर्थिक और क्षेत्रीय एकीकरण के विकास को बढ़ावा देता है। इसका मुख्यालय काठमाण्डू (नेपाल) में है। सार्क की स्थापना के समय इसके 7 सदस्य थे लेकिन अफगानिस्तान 3 अप्रैल, 2007 को इसका आठवाँ सदस्य बना। इसके 8 सदस्य देश-भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मालदीव और अफगानिस्तान हैं।

**70. निम्नलिखित में से किसको ट्रिप्स समझौते में संरक्षण प्रदान करने के लिए सम्मिलित नहीं किया गया है?**

(a) व्यापार मार्क
(b) एकीकृत सर्किट के रूपाकृति का बाह्य प्रारूप
(c) भौगोलिक संकेतांक
(d) पौधा उत्पादन

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** – बौद्धिक सम्पदा अधिकार को व्यापारिक मूल्य के साथ सूचना के रूप में परिभाषित किया जाता है। बौद्धिक सम्पदा अधिकार विचारों, आविष्कारों तथा सृजनात्मक अभिव्यक्तियों तथा उनको सम्पत्ति का दर्जा दिए जाने के सम्बन्ध में जनता की सहमति तथा उसके स्वामित्वधारी को अधिकार दिये जाने से सम्बन्धित है। इसके तहत् सात बौद्धिक सम्पदा अधिकार आते हैं – (i) कापी राइट एवं इससे सम्बन्धित अधिकार, (ii) ट्रेडमार्क, (iii) भौगोलिक संकेतक, (iv) औद्योगिक रूपरेखा, (v) पेटेन्ट, (vi) इन्टीग्रेटेड सर्किट की रूपरेखा, (vii) व्यापार सम्बन्धी गुप्त सूचना।

**71. डंकल का नाम निम्न में से किससे सम्बन्धित है?**

(a) डब्ल्यू.टी.ओ. से (b) गैट से
(c) ओ.सी.जी.सी. से (d) एक्जिम बैंक से

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** – गैट वार्ता में गतिरोध हो जाने पर दिसंबर, 1990 में ब्रुसेल्स में वार्ता भंग हो गई। दिसंबर, 1991 में गैट के तत्कालीन महानिदेशक ऑर्थर डंकल ने उरुग्वे दौर का एक अंतिम प्रारूप, जो 'डंकल प्रारूप' कहलाया प्रस्तुत किया। बाद में इस 'डंकल ड्राफ्ट' को देशों द्वारा संशोधन के साथ स्वीकार किया गया और विश्व व्यापार संगठन की नींव पड़ी।

# विज्ञान

## भौतिक विज्ञान

**72. निम्नलिखित में से किसे $1500^0$ सेल्सियस से अधिक ताप मापन हेतु प्रयोग में लाया जा सकता है?**

(a) चिकित्सीय थर्मामीटर (b) तापवैद्युत युग्म थर्मामीटर
(c) प्लैटिनम प्रतिरोध थर्मामीटर (d) पायरोमीटर

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** – पाइरोमीटर का प्रयोग अति उच्च तापमान को मापने के लिए किया जाता है। इसकी सहायता से अत्यन्त दूर स्थित वस्तुओं के तापमान को भी मापा जाता है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

73. **जल में वायु का एक बुलबुला कार्य करता है-**
(a) एक उत्तल दर्पण जैसा (b) एक अवतल लेंस जैसा
(c) एक अवतल दर्पण जैसा (d) एक उत्तल लेंस जैसा
**उत्तर–**(b)

**व्याख्या** – जल में वायु का बुलबुला अवतल लेन्स की भांति कार्य करता है।

74. **टेलीविजन प्रसारणों में श्रव्य संकेतों को प्रेषित करने के लिए प्रयुक्त तकनीक है-**
(a) आयाम आरोपण (b) स्पंद संकेत आरोपण
(c) आवृत्ति आरोपण (d) समय विस्तार गुणन
**उत्तर–**(c)

**व्याख्या** – टेलीविजन या दूरदर्शन प्रसारणों में श्रव्य संकेतों को प्रेषित करने के लिए आवृत्ति माडुलन तकनीक का प्रयोग किया जाता है। श्रव्य / वीडियो संकेतों को एक स्थान से सभी दिशाओं में या किसी एक दिशा में फैलना प्रसारण कहलाता है। दूरस्थ स्थानों पर इन संकेतों को उपयुक्त विधि से ग्रहण किया जाता है एवं आवश्यक परिवर्तनों (प्रवर्धन, डी-मॉडुलेशन आदि) के बाद कोई श्रव्य या वीडियो प्राप्त होता है।

## रसायन विज्ञान

75. **ट्यूमर संसूचित करने में प्रयुक्त रेडियो समस्थानिक है-**
(a) As-74 (आर्सेनिक-74) (b) Co-60 (कोबाल्ट-60)
(c) Na-24 (सोडियम-24) (d) C-14 (कार्बन-14)
**उत्तर–**(a)

**व्याख्या** – कोशिकाओं में असामान्य वृद्धि को कैंसर कहते हैं। रेडियोधर्मी पदार्थों जैसे रेडियम, प्लूटोनियम इत्यादि से हड्डी का कैन्सर होता है। कैन्सर से शरीर के किसी भाग में दर्द न करने वाला पिण्ड बन जाता है। कैन्सर का उपचार एन्टीबायोटिक्स, एल्केलायड्स के प्रयोग से रेडियोधर्मी लेजर किरणों से शल्य चिकित्सा करके या बोन मेरो का प्रत्यारोपण करके किया जाता है। As-74 ट्यूमर एवं CO-60 का उपयोग कैंसर के परीक्षण एवं चिकित्सा में किया जाता है।

## मानव चिकित्सा विज्ञान (जन्तु विज्ञान)

76. **निम्नलिखित विटामिनों में से कौन सा किसी स्वप्न को पर्याप्त अवधि तक याद रखने में सहायक होता है?**
(a) विटामिन A (b) विटामिन D
(c) विटामिन B-6 (d) विटामिन C
**उत्तर–**(c)

**व्याख्या** – विटामिन B-6 स्वप्न को पर्याप्त अवधि तक याद रखने में सहायक होता है। यह सपनों के रंग, स्पष्टता और गंभीरता को प्रभावित नहीं करता है विटामिन B-6 का मुख्य स्रोत मांस, मंछली, अंडा व डेयरी उत्पाद हैं।

77. **जोन्स साल्क किसकी खोज के लिए जाने जाते हैं?**
(a) चेचक का टीका (b) हैजे का टीका
(c) पोलियो का टीका (d) उपरोक्त में से किसी के लिए नहीं
**उत्तर–**(c)

**व्याख्या** – पोलियो रोग निस्यन्दी विषाणु के कारण होता है। इस रोग का प्रभाव केन्द्रीय नाड़ी संस्थान पर होता है तथा रीढ़ की हड्डी और आंत की कोशिकाएं नष्ट हो जाती हैं। यह प्रायः बच्चों को होता है। शरीर इससे बचने के लिए रोग प्रतिकारक पदार्थ का निर्माण करने लगता है जिससे विषाणु मर जाते हैं और रोगी पूर्णतः ठीक हो जाता है। पोलियो के टीके को जोन्स ई. साल्क ने खोजा था, यह इंजेक्शन के द्वारा दी जाती है। एल्बर्ट सेबीन ने मुख से लेने वाली पोलियो ड्राप की खोज करके प्रतिरक्षीकरण को और आसान बना दिया।

78. **निम्नलिखित में से क्या आंत के जीवाणुओं द्वारा संश्लेषित होता है?**
(a) विटामिन $B_{12}$ (b) विटामिन C
(c) विटामिन K (d) विटामिन A
**उत्तर–**(a & c)

**व्याख्या** – विटामिन $B_{12}$ का रासायनिक नाम साइनोकोबालामिन है यह जल में घुलनशील विटामिन है। इस विटामिन में कोबाल्ट धातु उपस्थित होता है। यह रक्त की उत्पत्ति में सहायक होता है। इसका संश्लेषण आंत के जीवाणुओं द्वारा किया जाता है। मनुष्य की आंत के जीवाणुओं द्वारा विटामिन K का भी संश्लेषण किया जाता है।

79. **मानव शरीर की सबसे छोटी अस्थि है-**
(a) वोमर (b) स्टेपीज
(c) मैलियस (d) इंकस
**उत्तर–**(b)

**व्याख्या** – मानव शरीर की सबसे छोटी अस्थि स्टेपीज है यह कान में पायी जाती है। मानव शरीर में सबसे बड़ी अस्थि फीमर (जांघ की अस्थि) है।

## कृषि, पशुपालन एवं डेयरी

80. **भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की रिपोर्ट के अनुसार भारत में कृषि-पारिस्थितिकीय क्षेत्रों की संख्या कितनी है?**
(a) 15 (b) 17
(c) 18 (d) 20
**उत्तर–**(d)

**व्याख्या** – भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की रिपोर्ट के अनुसार भारत में कृषि पारिस्थितिकीय क्षेत्रों की संख्या 20 है। यह पिछले 50 वर्षों के जलवायु और मिट्टी के आँकड़ों के आधार पर विभाजित किया गया है।

81. **जीरो टिल बीज एवं उर्वरक ड्रिल विकसित किया गया था-**
(a) पी.ए.यू., लुधियाना में
(b) जी.बी. पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर में
(c) आई.आई.एस.आर., लखनऊ में
(d) आई.ए.आर.आई., नई दिल्ली में
**उत्तर–**(b)

**व्याख्या** – जी. बी. पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पन्त नगर द्वारा जीरो टिल बीज एवं उर्वरक ड्रिल विकसित किया गया था। इस तकनीकी का प्रयोग बुवाई एवं रोपाई हेतु किया जाता है।

82. **सेन्ट्रल एरिड जोन रिसर्च इन्स्टीट्यूट स्थित है-**
(a) हैदराबाद में (b) जोधपुर में
(c) अहमदाबाद में (d) बंगलौर में
**उत्तर–**(b)

**व्याख्या** – सेन्ट्रल एरिड जोन रिसर्च इन्स्टीट्यूट जोधपुर में है। इसकी स्थापना मरु वनीकरण केंद्र के रूप में 1952 में की गई थी। इसे 1959 में केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (CAZRI) के रूप में पूर्ण संस्थान का दर्जा दिया गया था। राष्ट्रीय भू-भौतिकी अनुसंधान संस्थान हैदराबाद में है। बेंगलूरू में भारतीय ताराभौतिकी संस्थान है। अहमदाबाद में कपड़ा उद्योग अनुसंधान संस्थान है।

83. **निम्नलिखित में से कौन सा एक चाय में नहीं पाया जाता है?**
(a) थीन (b) कैफिन
(c) टैनिन (d) मार्फीन
**उत्तर–**(d)

**व्याख्या** – चाय में मार्फीन नहीं पाया जाता है। मार्फीन अफीम पोस्ता से प्राप्त किया जाता है। इसका प्रयोग मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र की समस्याओं के निदान में किया जाता है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**84. सरसो के बीज के अपमिश्रक के रूप में सामान्यतः निम्नलिखित में से किसे प्रयोग में लाया जाता है?**

(a) आर्जीमोन के बीज (b) पपीता के बीज
(c) जीरा के बीज (d) धनिया के बीज

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** – आर्जीमोन के बीज को अपमिश्रक के रूप में सरसो का तेल निकालते समय सामान्यतः प्रयोग में लाया जाता है।

**85. 'मसालों का बागान' कहा जाने वाला राज्य है-**

(a) केरल (b) कर्नाटक
(c) तमिलनाडु (d) गुजरात

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** – मसालों का बागान केरल को कहा जाता है। 2021-22 तृतीय अग्रिम अनुमान के अनुसार सर्वाधिक मसाला उत्पादक राज्य हैं- मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, तेलंगाना।

## विज्ञान प्रौद्योगिकी

**86. नील हरित शैवाल निम्नलिखित में से किस एक फसल की पैदावार बढ़ाने के लिए जैव उर्वरक के रूप में प्रयोग में लाया जाता है?**

(a) गेहूं (b) धान
(c) चना (d) सरसों

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** – नील हरित शैवाल धान की फसल की पैदावार बढ़ाने के लिए जैव उर्वरक के रूप में प्रयोग में लाया जाता है। नील हरित शैवाल एक विशेष प्रकार की काई होती है। रासायनिक उर्वरकों के अलावा शैवाल तथा जीवाणु की कुछ प्रजातियाँ वायुमण्डलीय नाइट्रोजन (80 प्रतिशत) का स्थिरीकरण कर मृदा तथा पौधों को पोषण प्रदान करती हैं, जिसके फलस्वरूप फसल की उत्पादकता में वृद्धि होती है।

**87. निम्नलिखित में से कौन सा हरित ईंधन का स्रोत है?**

(a) पाइन (b) करंज
(c) फर्न (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** – करंज हरित ईंधन का स्रोत है। इसके अतिरिक्त इसमें औषधीय गुण पाया जाता है। गंजेपन की समस्या, आँखों, दाँतों के रोग, कुष्ठ रोग, पेट की बीमारी, बवासीर आदि जैसे रोगों में करंज से लाभ मिलता है।

**88. भारत का बीसवाँ परमाणु बिजली घर कौन सा है?**

(a) तारापुर (b) रावतभाटा
(c) कैगा (कर्नाटक) (d) नरोरा (उ.प्र.)

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या** – भारत में प्रथम परमाणु बिजली घर अक्टूबर 1969 में तारापुर, महाराष्ट्र में लगाया गया। 20वाँ परमाणु बिजली घर जनवरी, 2011 में कैगा (कर्नाटक) में लगाया गया। वर्तमान में कुल 23 न्युक्लियर पावर रिएक्टर संचालित किए जा रहे हैं जिनकी कुल क्षमता 7480 मेगावॉट है।

**89. विश्व का विशालतम दूरबीन कौन सा है?**

(a) गैलिलियो (b) आइसक्यूब
(c) डिस्कवरी (d) चेलेंजर

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** – प्रश्नानुसार विश्व का विशालतम दूरबीन आइसक्यूब है। यह दूरबीन दक्षिणी ध्रुव (अंटार्कटिका) के भूमिगत सतह में स्थापित किया गया है। विश्व का विशालतम रेडियों टेलीस्कोप FAST है। जिसका व्यास 500 मीटर है। यह चीन के दक्षिण-पश्चिम प्रांत, गुइझोऊ में स्थापित किया गया है। इसमें 4450 पैनेल लगे हुए हैं।

**90. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

1. अमेरिकी एजेन्सी नासा ने अपनी स्वप्निल मशीन मंगल विज्ञान प्रयोगशाला (क्यूरिओसिटी रोवर) का प्रक्षेपण किया है जो मंगल ग्रह पर जीवन की सम्भावना का अध्ययन करेगा।
2. क्यूरिओसिटी रोवर सौर ऊर्जा से संचालित है।
3. रोवर में विशेष रसायन विज्ञान की एवं कैमरा की युक्ति है जो मंगल की सतह पर उपस्थित पदार्थ में माइक्रो स्तर पर उपस्थित तत्व की पहचान कर सकता है।

**उपरोक्त कथनों में से कौन से सही हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) केवल 3 और 1

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** – मंगल ग्रह पर जीवन की तलाश के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मार्स साइंस लेबोरेटरी मिशन के तहत 26 नवम्बर, 2011 को फ्लोरिडा स्थित केप कैनवेरल एयरफोर्स स्टेशन से एटलस V 541 रॉकेट द्वारा क्यूरियोसिटी रोवर को प्रक्षेपित किया था। यह रोवर मंगल पर रेडियो आइसोटोप जेनरेटर से मिलने वाली ऊर्जा से चल रहा है, इसमें ईंधन के रूप में प्लूटोनियम 238 का इस्तेमाल किया गया है। यह मंगल की सतह पर उपस्थित सूक्ष्म (माइक्रो) स्तर पर तत्व की पहचान करने में सक्षम है।

**91. पनडुब्बी चालित प्राक्षेपिक प्रक्षेपास्त्र (SLBM) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

1. इसे भारत के रक्षा अनुसन्धान एवं विकास संगठन ने बनाया है।
2. इसे भारतीय पनडुब्बी आई.एन.एस. अरिहन्त पर लगाया जायेगा।
3. इसकी मारक क्षमता लगभग 700 कि.मी. है।

**उपरोक्त कथनों में से कौन से सही हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) सभी सही हैं

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** – प्रश्नकाल के दौरान समुद्र के भीतर से मार कर सकने वाली नई मिसाइल सागरिका (K15/ B05) का सफल परीक्षण सम्पन्न हुआ था। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा विकसित 10 मीटर लंबी इस एस.एल.बी.एम. की मारक क्षमता 700 किमी. है। डी.आर.डी.ओ. ने सागरिका का अंतिम विकासात्मक परीक्षण 27 जनवरी, 2013 को किया। 11 एवं 12 अगस्त, 2018 को इस मिसाइल का तीन बार सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया।

**92. किसी बच्चे की पैतृकता स्थापित करने के लिए निम्नलिखित तकनीकों में से किसे उपयोग में लाया जा सकता है?**

(a) प्रोटीन विश्लेषण
(b) डी.एन.ए. अंगुलि छापन
(c) गुणसूत्र गणना
(d) डी.एन.ए. की परिमाणात्मक विश्लेषण

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** – किसी बच्चे की पैतृकता स्थापित करने के लिए डी.एन.ए. अंगुलि छापन तकनीक उपयोग में लाया जाता है। इस तकनीक की खोज सर एलेक जेफ्रीज द्वारा की गयी थी।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**93. सूचना प्रौद्योगिकी की शब्दावली जिसे उपयोग कर्ता के ई-मेल का पता ज्ञात करने के लिए प्रयुक्त करते हैं, वह है**

(a) लॉगिन (b) पासवर्ड
(c) फिंगर (d) आर्ची

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या** –फिंगर प्रोटोकॉल के प्रयोग से उपयोग कर्ता के ई-मेल का पता ज्ञात किया जाता है।

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

**94. निम्नलिखित में से कौन सा एक वायु प्रदूषण के जैविक सूचक का कार्य करता है?**

(a) लाइकेन (b) फर्न
(c) मनी प्लांट (d) अमरबेल

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** – लाइकेन थैलोफाइटा प्रकार की वनस्पति है जो कवक तथा शैवाल दोनों से मिलकर बनती है। लाइकेन मृदा निर्माण की प्रक्रिया में सहायक होते हैं। कई लाइकेन खाद्य पदार्थ के रूप में प्रयोग किये जाते हैं। यह वायु प्रदूषण के जैविक सूचक का भी कार्य करते हैं। जिस क्षेत्र में वायु प्रदूषण बढ़ जाता है वहाँ लाइकेन मृत हो जाते हैं।

**95. मोबाइल तथा ऑटोमोबाइल ने भारतीयों, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के सामाजिक जीवन में निम्नलिखित में से किसके सम्बन्ध में एक क्रान्ति ला दी है?**

1. लोगों के आवागमन के सम्बन्ध में
2. लोगों के जुड़ाव के सम्बन्ध में
3. लोगों की संवेदनशीलता के सम्बन्ध में

**नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिये :**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** – मोबाइल फोन तथा ऑटोमोबाइल ने भारतीयों, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के सामाजिक जीवन में निम्न प्रभाव डाला है- • लोगों के आवागमन के सम्बन्ध में • लोगों के जुड़ाव के सम्बन्ध में • लोगों की संवेदनशीलता के सम्बन्ध में गतिशीलता प्रदान की है।

**96. निम्नलिखित ईंधनों में से कौन सा न्यूनतम पर्यावरणीय प्रदूषण उत्पन्न करता है?**

(a) डीजल (b) कोयला
(c) हाइड्रोजन (d) मिट्टी का तेल (केरोसीन)

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या** – हाइड्रोजन न्यूनतम पर्यावरणीय प्रदूषण उत्पन्न करता है। हाइड्रोजन के हवा में अभिक्रिया करने से जल प्राप्त होता है जो प्रदूषण रहित है। ज्ञातव्य है कि हाइड्रोजन सबसे हल्का तत्व है।

## प्रादेशिक सामान्य-ज्ञान

**97. उत्तर प्रदेश में आलू निर्यात जोन स्थित है**

(a) आगरा में (b) इलाहाबाद में
(c) फतेहपुर में (d) कानपुर में

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** – उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आलू तथा आम के निर्यात के लिए निर्यात जोन को अधिसूचित किया गया है, जिसमें आलू निर्यात के लिए आगरा जोन की स्थापना की गयी है। आगरा जोन के तहत आगरा, फर्रुखाबाद, कन्नौज, हाथरस, मेरठ, बागपत तथा अलीगढ़ जिले आते हैं। आम एवं सब्जियों के निर्यात जोन के अंतर्गत लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, सीतापुर, बाराबंकी जिले शामिल हैं। इसके अतिरिक्त आम निर्यात जोन सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मेरठ, बागपत, एवं बुलंदशहर में भी विस्तारित है।

**98. उत्तर प्रदेश की विशिष्ट नृत्य शैली है-**

(a) कत्थक (b) भरतनाट्यम
(c) ओडिसी (d) कुचीपुडी

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** – उत्तर प्रदेश की विशिष्ट नृत्य शैली कत्थक है जबकि भरतनाट्यम तमिलनाडु की, ओडिसी उड़ीसा की तथा कुचीपुड़ी, आन्ध्र प्रदेश की नृत्य शैली है।

**99. उत्तर प्रदेश में जैन एवं बौद्ध दोनों धर्मों का प्रसिद्ध तीर्थ कौन सा है?**

(a) सारनाथ (b) कौशाम्बी
(c) कुशीनगर (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** – उत्तर प्रदेश में जैन एवं बौद्ध दोनों धर्मों का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल कौशाम्बी है, जबकि सारनाथ तथा कुशीनगर केवल बौद्ध धर्म से सम्बन्धित हैं।

**100. ढोला लोकगीत लोकप्रिय है-**

(a) आगरा-मेरठ में (b) इलाहाबाद-कानपुर में
(c) गोरखपुर-जौनपुर में (d) लखनऊ-सहारनपुर में

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** – उत्तर प्रदेश में ढोला व रागिनी का प्रचलन पश्चिमी क्षेत्र (आगरा-मेरठ) में है। आल्हा विशेषतः उत्तर प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र में गाया जाता है। इस वीर रस कथा में महोबा के वीर भाईयों आल्हा और ऊदल की वीरता का वर्णन किया गया है।

**101. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?**

(a) उ.प्र. का सबसे पुराना विश्वविद्यालय–इलाहाबाद विश्वविद्यालय
(b) नौचण्डी मेला – मेरठ
(c) भारत कला भवन – वाराणसी
(d) चौरसिया नृत्य - गोरखपुर

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** – सही सुमेलन है– उत्तर प्रदेश का सबसे पुराना विश्वविद्यालय – इलाहाबाद विश्वविद्यालय, नौचण्डी मेला – मेरठ, भारत कला भवन – वाराणसी। चौरसिया नृत्य-जौनपुर के कहारों द्वारा किया जाता है।

**102. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है?**

(a) स्कूटर इण्डिया लिमिटेड - लखनऊ
(b) मॉडर्न बेकरीज - कानपुर
(c) सीमेन्ट कारखाना - बरेली
(d) उर्वरक कारखाना - आँवला

**उत्तर–(c)**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या** – सही सुमेलन है -

| | |
|---|---|
| स्कूटर इण्डिया लिमिटेड | - लखनऊ |
| मॉडर्न बेकरीज | – कानपुर |
| सीमेन्ट कारखाना | – चुर्क व डाला |
| उर्वरक कारखाना | – ऑवला (बरेली) |

**103. उत्तर प्रदेश में निर्यातोन्मुख सॉफ्टवेयर पार्क कहां स्थापित किये गये हैं?**

(a) नोएडा और कानपुर में (b) कानपुर और लखनऊ में
(c) नोएडा और आगरा में (d) मेरठ और गाजियाबाद में

**उत्तर**–(*)

**व्याख्या** – सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया (STPI), इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त सोसाइटी है। भारत सरकार ने वर्ष 1991 में देश से सॉफ्टवेयर निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 3 केंद्रों की स्थापना से इसकी शुरुआत की। STPI सॉफ्टवेयर निर्यातकों को एकल खिड़की सुविधा उपलब्ध कराता है। वर्तमान में भारत में 63 STPI केंद्र है जिनमें से 55 केंद्र टियर-II/III शहरों में स्थापित हैं। वर्ष 2022 के अंत तक उत्तर प्रदेश में निम्न स्थलों पर निर्यातोन्मुखी सॉफ्टवेयर पार्क स्थापित हैं-

| STPI केंद्र | स्थापना वर्ष |
|---|---|
| नोएडा | 1991 |
| लखनऊ | 2001 |
| कानपुर | 2002 |
| प्रयागराज | 2003 |
| मेरठ | 2021 |

**104. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये :**

| सूची-I (पार्क/जोन) | सूची-II (जिले) |
|---|---|
| A. अपारेल पार्क | 1. उन्नाव |
| B. बायोटेक्नॉलॉजी पार्क | 2. सहारनपुर |
| C. एग्रो प्रोसेसिंग जोन | 3. कानपुर |
| D. लेदर टेक्नॉलॉजी पार्क | 4. लखनऊ |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 3 | 2 | 4 | 1 |

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या** – सही सुमेलन है -

| पार्क/जोन | जिले |
|---|---|
| अपारेल पार्क | – कानपुर |
| बायोटेक्नॉलॉजी पार्क | – लखनऊ |
| एग्रो प्रोसेसिंग जोन | – सहारनपुर |
| लेदर टेक्नॉलॉजी पार्क | – उन्नाव। |

**105. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिये :**

| सूची-I (उ.प्र. में ऐतिहासिक इमारत) | सूची-II (स्थान) |
|---|---|
| A. चौरासी गुम्बद | 1. चित्रकूट |
| B. जामा मस्जिद | 2. कुशीनगर |
| C. बौद्ध स्तूप | 3. मुरादाबाद |
| D. कामदगिरि पर्वत | 4. जालौन |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या** – सही सुमेलन है -

| उत्तर प्रदेश में ऐतिहासिक इमारत | स्थान |
|---|---|
| चौरासी गुम्बद | – जालौन |
| जामा मस्जिद | – मुरादाबाद |
| बौद्ध स्तूप | – कुशीनगर |
| कामदगिरि पर्वत | – चित्रकूट |

**106. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है?**

(a) लाल बहादुर शास्त्री गन्ना विकास संस्थान – मेरठ
(b) पिकप - लखनऊ
(c) राज्य चर्म विकास एवं विपणन निगम लिमिटेड - आगरा
(d) यू.पी.एफ.सी. (उत्तर प्रदेश वित्तीय निगम) - कानपुर

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या** – सही सुमेलन है -

- भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान/ लाल बहादुर शास्त्री गन्ना किसान संस्थान - लखनऊ
- राज्य चर्म विकास एवं विपणन निगम लिमिटेड - आगरा
- पिकप – लखनऊ
- उत्तर प्रदेश वित्तीय निगम - कानपुर

## तर्कशक्ति परीक्षण

**107. यदि ABSENT का कूट ZYHVMG है, तो PRESENT का कूट क्या होगा?**

(a) KIHVHGM (b) KITMHMG
(c) KIVHVMG (d) GKITYTL

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या** – प्रत्येक अक्षर का विपरीत अक्षर लिखा गया है। अतः विपरीत अक्षर प्राप्त करने के लिए 27 में से घटाया गया है –

| | |
|---|---|
| A – (27 – 1) = (26)Z | P – (27 – 16) = (11) K |
| B – (27 – 2) = (25) Y | R – (27 – 18) = (9) I |
| S – (27 – 19) = 8H | E – (27 – 5) = (22) V |
| E – (27 – 5) = 22 V | S – (27 – 19) = (8) H |
| N – (27 – 14) = 13 M | E – (27 – 5) = (22) V |
| T – (27 – 20) = 7 G | N – (27 – 14) = (13) M |
| | T – (27 – 20) = (7) G |

**108. अनुक्रम-**

**1, 3, 7, x, 31, y में**

**x और y के मान क्रमशः क्या है?**

(a) 14 और 60 (b) 13 और 63
(c) 15 और 60 (d) 15 और 63

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या** –

+2 +4 +8 +16 +32
1, 3, 7, 15, 31, 63
x y

शृंखला में क्रमशः 2, 4, 8, 16 तथा 32 जोड़ा गया है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**109. 500 व्यक्तियों के एक समूह में 300 व्यक्ति केवल हिन्दी बोल सकते हैं तथा 120 केवल अंग्रेजी बोल सकते हैं, तो हिन्दी और अंग्रेजी दोनों बोल सकने वाले व्यक्तियों की संख्या कितनी होगी?**

(a) 20 (b) 80
(c) 60 (d) 100

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या –** व्यक्तियों की कुल संख्या = 500
केवल हिन्दी बोलने वाले व्यक्तियों की संख्या = 300
केवल अंग्रेजी बोलने वाले व्यक्तियों की संख्या = 120
हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों बोलने वाले व्यक्ति = 500 – (300 + 120)
= 500 – 420 = 80


**110. A, B से 5 वर्ष छोटा है और B की आयु C की तीन गुनी है। यदि C की आयु 4 वर्ष पूर्व 10 वर्ष थी, तो A की आयु 6 वर्ष बाद कितनी होगी?**

(a) 35 वर्ष (b) 43 वर्ष
(c) 40 वर्ष (d) 30 वर्ष

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या –** A की आयु = B – 5
B की आयु = C × 3
4 वर्ष पूर्व C की आयु 10 वर्ष तो वर्तमान में 14 वर्ष तो B की आयु होगी = 14 × 3 = 42
A की आयु = 42 – 5 = 37
6 वर्ष पश्चात् A की आयु = 37 + 6 = 43

**111. रिक्त त्रिज्यखंड में संख्या है :**




(a) 29 (b) 39
(c) 37 (d) 49

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या –** 3 × 2 – 1 = 5, 5 × 2 – 2 = 8, 8 × 2 – 3 = 13
13 × 2 – 4 = 22, 22 × 2 – 5 = 39

**112. निम्नलिखित में से कौन सा अन्य शब्दों से भिन्न है?**

(a) तार (b) ई-मेल
(c) फैक्स (d) सन्देशवाहक

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या –** उपर्युक्त विकल्पों में सन्देशवाहक अन्य से भिन्न है। तार, फैक्स तथा ई-मेल संदेश प्रेषित करने के इलेक्ट्रानिक माध्यम हैं, जबकि संदेशवाहक भौतिक साधन है।

**113. यदि किसी महीने की 7 तारीख रविवार के दो दिन पहले पड़ती हो, तो महीने की 27 तारीख के बाद अगला दिन क्या होगा?**

(a) शुक्रवार (b) शनिवार
(c) बृहस्पतिवार (d) सोमवार

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या –** प्रश्नानुसार, 07 तारीख को (रविवार के दो दिन पहले) होगा। आगे 14, 21 एवं 28 तारीख को पुनः शुक्रवार होगा। प्रश्नानुसार 28 तारीख, 27 तारीख के बाद अगला दिन है। अतः विकल्प (a), शुक्रवार प्रश्न का सही उत्तर है।

## गणित

**114. यदि किसी संख्या के $\frac{3}{8}$ तथा $\frac{2}{7}$ का योग 370 हो, तो संख्या क्या होगी?**

(a) 520 (b) 540
(c) 500 (d) 560

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या –** माना संख्या x है

$\frac{3}{8}x + \frac{2}{7}x = 370 \Rightarrow 21x + 16x = 370 \times 8 \times 7$

$\Rightarrow 37x = 370 \times 8 \times 7 \Rightarrow x = \frac{370 \times 8 \times 7}{37} = 560$

**115. कितने साधारण ब्याज की दर पर एक राशि 16 वर्षों में अपने से दुगुनी हो जायेगी?**

(a) $6\frac{1}{2}$% प्रतिवर्ष (b) $6\frac{1}{4}$% प्रतिवर्ष
(c) 6% प्रतिवर्ष (d) $6\frac{3}{4}$% प्रतिवर्ष

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या –** माना मूलधन 100 रु.
मिश्रधन = 100 × 2 = 200, समय = 16 वर्ष
साधारण ब्याज = मिश्रधन – मूलधन = 200 – 100 = 100 रु.
दर प्रतिशत में = साधारण ब्याज × 100/मूलधन × समय

$= \frac{100 \times 100}{100 \times 16} = \frac{100}{16} = \frac{25}{4} = 6\frac{1}{4}\%$

**116. यदि किसी संख्या में से 4 घटा दें, तो वह उस संख्या के व्युत्क्रम से 21 गुना हो जाती है, तो वह संख्या क्या है?**

(a) 10 (b) 9
(c) 8 (d) 7

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या –** माना संख्या x है

प्रश्नानुसार, $(x - 4) = 21\left(\frac{1}{x}\right) \Rightarrow x^2 - 4x - 21 = 0$

$\Rightarrow x^2 - 7x + 3x - 21 = 0 \Rightarrow x(x - 7) + 3(x - 7) = 0$

$(x - 7)(x + 3) = 0$ अतः $x = 7, -3$ (अमान्य)

**117. यदि 100 छात्रों में से 40 छात्र अंग्रेजी में अनुत्तीर्ण हैं, 20 हिन्दी में अनुत्तीर्ण हैं और 12 छात्र अंग्रेजी तथा हिन्दी दोनों में अनुत्तीर्ण हैं, तो दोनों विषयों में उत्तीर्ण छात्रों की संख्या कितनी होगी?**

(a) 48 (b) 52
(c) 28 (d) 40

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या –** छात्रों की कुल संख्या = 100
अंग्रेजी में अनुत्तीर्ण छात्र = 40
हिन्दी में अनुत्तीर्ण छात्र = 20
अंग्रेजी तथा हिन्दी दोनों में अनुत्तीर्ण छात्र = 12
कुल अनुत्तीर्ण छात्र = 60 – 12 = 48
तो उत्तीर्ण छात्र = 100 – 48 = 52



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**118. एक नाव, जिसकी शांत जल में गति 6 किमी./घंटा है, 1 किमी. की दूरी नदी के प्रवाह के विरुद्ध 15 मिनट में तय करती है, तो नदी के प्रवाह की गति कितनी है?**

(a) 2 किमी. प्रति घंटा
(b) 3 किमी. प्रति घंटा
(c) 4 किमी. प्रति घंटा
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** – नदी का वेग x किमी./घंटा, नाव का वेग 6 किमी./घंटा

नदी के विपरीत दिशा में नाव की वेग = (6 – x)

वेग = दूरी/समय

$(6 - x) = 1 \div \frac{1}{4}$ (15 मिनट को घंटे में परिवर्तित करने पर 1/4 होगा)

$6 - x = 4 \Rightarrow x = 6 - 4 = 2$ किमी./घंटा

**119.** $\left(-\frac{1}{343}\right)^{-\frac{2}{3}}$ **का मान है-**

(a) 49
(b) – 49
(c) $\frac{1}{49}$
(d) $-\frac{1}{49}$

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** – $\left(-\frac{1}{343}\right)^{-\frac{2}{3}} = (-343)^{\frac{2}{3}} = \left(-7^3\right)^{\frac{2}{3}} = (-7)^{3\times\frac{2}{3}}$

$= (-7)^2 = 49$

## समसामयिकी

**120. प्रेस काउन्सिल ऑफ इन्डिया का अध्यक्ष कौन है?**

(a) पी. एल. पुनिया
(b) मार्कण्डेय काटजू
(c) कुलदीप नैय्यर
(d) पूजा भट्ट

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** – प्रश्नकाल के दौरान प्रेस काउन्सिल ऑफ इण्डिया के अध्यक्ष मार्कण्डेय काटजू (अक्टूबर, 2011-नवंबर, 2014) थे। वर्तमान में इसके अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्रीमती रंजना प्रकाश देसाई हैं।

**121. भारत के स्पर्धा आयोग का अध्यक्ष कौन है?**

(a) अशोक चावला
(b) मोहन धारिया
(c) पंकज ओसवाल
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** – प्रश्नकाल में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के अध्यक्ष अशोक चावला थे जबकि इसके वर्तमान अध्यक्ष रवनीत कौर हैं।

**122. वर्ष 2010-11 में निम्नलिखित देशों में से कौन सा भारत के निर्यात उत्पादों के लिए शीर्षस्थ देश था?**

(a) यू.ए.ई.
(b) यू.एस.ए.
(c) चीन
(d) सिंगापुर

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** – प्रश्नकाल के दौरान आर्थिक समीक्षा 2010-11 के अनुसार भारत के निर्यात उत्पादों के लिए शीर्षस्थ देश संयुक्त अरब अमीरात था। आर्थिक समीक्षा 2022-23 के अनुसार शीर्ष निर्यात गंतव्य देश (अप्रैल-नवंबर, 2022) संयुक्त राज्य अमेरिका है। जबकि भारत का सर्वाधिक आयात चीन से होता है।

**123. वर्ष 2010-11 में भारत से माल और सेवा का निर्यात भारत के जी.डी.पी. का कितना प्रतिशत था?**

(a) 26 प्रतिशत
(b) 24 प्रतिशत
(c) 22 प्रतिशत
(d) 20 प्रतिशत

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या** – वर्ष 2010-11 में भारत से माल और सेवा का निर्यात भारत के जीडीपी का लगभग 22 प्रतिशत था। जबकि 2021-22 में लगभग 21.3% है।

**124. ''इंडिया फ्रॉम कर्जन टू नेहरू ऐण्ड आफ्टर'' का लेखक कौन है?**

(a) दुर्गादास
(b) वेब मिलर
(c) फ्रैन्क मोरेस
(d) लुईस फिशर

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** – 'इंडिया फ्रॉम कर्जन टू नेहरू ऐण्ड आफ्टर' के लेखक दुर्गादास हैं।

**125. निम्नलिखित में से कौन सा विश्व का नवीनतम राष्ट्र है?**

(a) इरीत्रिया
(b) इथियोपिया
(c) कांगो
(d) दक्षिण सूडान

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** – विश्व का नवीनतम देश सूडान से अलग होकर दक्षिण सूडान बना है। यह 9 जुलाई, 2011 को अलग हुआ, इसकी राजधानी जुबा है। दक्षिण सूडान अफ्रीका का 55वां एवं विश्व का 193वां देश है।

**126. हरिकेन इरेना ने किस देश में अतिशय क्षति पहुंचायी थी?**

(a) जापान
(b) फिलीपींस
(c) स्पेन
(d) संयुक्त राज्य अमेरिका

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** – हरिकेन इरेना ने अगस्त, 2011 में मध्य अटलांटिक क्षेत्र और उत्तर पूर्वी अमेरिका को अत्यधिक प्रभावित करने के साथ-साथ अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी एवं मध्य पश्चिमी राज्यों और कनाडा को भी कुछ हद तक प्रभावित किया था। हरिकेन एक प्रकार का तूफान है, जिसे 'उष्णकटिबन्धीय चक्रवात' कहा जाता है। इसकी उत्पत्ति अटलांटिक बेसिन में होती है।

**127. लंदन ओलम्पिक में रजत पदक जीतने वाले निम्नलिखित में से कौन हैं?**

1. सायना नेहवाल
2. गगन नारंग
3. सुशील कुमार
4. विजय कुमार

**नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 एवं 4
(b) 2 एवं 3
(c) 3 एवं 4
(d) 1 एवं 3

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या** – 30वें ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक खेलों का आयोजन 27 जुलाई से 12 अगस्त 2012 के मध्य लंदन (यू.के.) में किया गया। तीसरी बार ओलम्पिक खेलों का आयोजन करने वाला लंदन, यह उपलब्धि प्राप्त करने वाला विश्व का प्रथम शहर है। इस ओलम्पिक में भारतीय पदक विजेता इस प्रकार हैं – विजय कुमार – रजत, सुशील कुमार – रजत, गगन नारंग – कांस्य, साइना नेहवाल – कांस्य, एम. सी. मैरीकाम – कांस्य तथा योगेश्वर दत्त – कांस्य। ओलंपिक 2021 में भारत ने 7 पदक (1 स्वर्ण, 2 रजत एवं 4 काँस्य) जीतकर पदक तालिका में 48वां स्थान प्राप्त किया है। भाला फेंक में नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण पदक जीता है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**128. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

| **(2011 नोबेल पुरस्कार विजेता)** | | **(क्षेत्र)** |
|---|---|---|
| (a) एडम जी. रीस | - | भौतिकी |
| (b) ब्रूस ए. ब्यूटलर | - | रसायनशास्त्र |
| (c) ब्रायन पी. स्मिड्ट | - | भौतिकी |
| (d) डेनियल शेक्टमान | - | रसायनशास्त्र |

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या** – सही सुमेलन है – एडम जी. रीस, सॉल पर्लमटर और ब्रायन पी. स्मिड्ट – भौतिकी, डेनियल शेक्टमान – रसायनशास्त्र, ब्रूस ए. ब्यूटलर, जूल्स ए. हॉफमैन और राल्फ एम. स्टेनमैन – फिजियोलॉजी या मेडिसिन।

**नोबेल पुरस्कार, 2022**

| **क्षेत्र** | **प्राप्तकर्ता** |
|---|---|
| शांति | एलेस बियालियात्स्की (बेलारुस), मेमोरियल (रूस) सेंटर फॉर सिविल लिबर्टीज (यूक्रेन) |
| साहित्य | एनी एर्नोक्स (फ्रांस) |
| भौतिकी | एलेन एस्पेक्ट (फ्रांस), जॉन. एफ, क्लॉसर (यूएसए), एंटोन जिलिंगर (ऑस्ट्रिया) |
| रसायन विज्ञान | कैरोलिन आर. बर्टोजी (यूएसए), मोर्टन मेल्डल (डेनमार्क), के. बैरी शार्पलेस (यूएसए) |
| चिकित्सा | स्वांते पाबो (स्वीडन) |
| अर्थशास्त्र | बेन एस. बर्नानके (यूएसए), डगलस डब्ल्यू, डायमंड (यूएसए), फिलिप एच. डाइबविग (यूएसए) |

**129. निम्नलिखित में से किसने अप्रैल 2012 में एशियन बिलियर्ड चैम्पियन का खिताब जीता?**

(a) अंजु ठाकुर
(b) अशोक शांडिल्य
(c) पंकज अडवाणी
(d) तरुणदीप राय

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या** – अप्रैल 2012 में एशियन बिलियर्ड चैम्पियन का खिताब पंकज अडवाणी ने जीता था। मार्च, 2023 में आयोजित एशियाई स्नूकर और इंग्लिश बिलियडर्स चैंपियनशिप 2023 के एशियाई पुरुष बिलियडर्स स्पर्धा का खिताब पंकज आडवाणी ने जीता।

**130. जून 2012 में भीषण आग ने श्रीनगर में दस्तगीर साहिब के पवित्र स्थल को क्षतिग्रस्त कर दिया। निम्नलिखित में से कौन दस्तगीर साहिब के रूप में जाने जाते थे?**

(a) बहाउद्दीन जकारिया
(b) सैयद अब्दुल जिलानी
(c) ख्वाजा बाकी बिल्लाह
(d) कुतुबउद्दीन बख्तियार काकी

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या** – जून 2012 में आग ने श्रीनगर में दस्तगीर साहिब के पवित्र स्थल को क्षतिग्रस्त कर दिया। यह दस्तगीर साहिब सैय्यद अब्दुल जिलानी के रूप में जाने जाते हैं।

**131. नवम्बर 2011 में दक्षेश शिखर सम्मेलन कहां आयोजित हुआ था?**

(a) मालदीव (b) म्यांमार
(c) नेपाल (d) श्रीलंका

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या** – दक्षेस का 17वां शिखर सम्मेलन 10-11 नवम्बर, 2011 को मालदीव के अड्डू एटोल द्वीप पर अड्डू सिटी में सम्पन्न हुआ था। इस दो दिवसीय सम्मेलन में दक्षेस के सभी आठ सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष उपस्थित थे। यह लगातार पांचवां शिखर सम्मेलन था जिसमें भारतीय शिष्टमण्डल का नेतृत्व तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने किया था, जबकि 18वाँ शिखर सम्मेलन 26-27 नवंबर, 2014 को नेपाल के काठमाण्डू में हुआ था। 19वें शिखर सम्मेलन का आयोजन वर्ष 2016 में पाकिस्तान के इस्लामाबाद में किया जाना था जिसे कुछ कारणों से रद्द करना पड़ा।

**132. निम्नलिखित में से कौन सा देश 2018 शीतकालीन ओलम्पिक का मेजबान होगा?**

(a) फ्रांस (b) जर्मनी
(c) जापान (d) दक्षिण कोरिया

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या** – 23वें शीतकालीन ओलम्पिक खेलों का आयोजन 9-25 फरवरी, 2018 के बीच दक्षिण कोरिया के प्योंगचांग में हुआ था जबकि 24वाँ शीतकालीन ओलंपिक खेल वर्ष 2022 में बीजिंग में आयोजित हुए।

**133. मार्च 2012 में सम्पन्न चतुर्थ ब्रिक्स (BRICS) शीर्ष सम्मेलन के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

| **(देश)** | **(प्रतिनिधि)** |
|---|---|
| (a) ब्राजील | - डिल्मा राउसेफ |
| (b) चीन | - हू-जिंताओ |
| (c) रूस | - ब्लादिमीर पुतिन |
| (d) दक्षिण अफ्रीका | - जैकब जुमा |

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या** – प्रश्नानुसार C युग्म सही सुमेलित नहीं है। आर्थिक एवं राजनीतिक दृष्टि से विश्व में महाशक्ति के रूप में उभर रहे पांच देशों – ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के समूह ब्रिक्स का चौथा शिखर सम्मेलन 29 मार्च, 2012 को नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ। भारत ने प्रथम बार ब्रिक्स की मेजबानी की। इस सम्मेलन में ब्राजील की राष्ट्रपति डिलमा राउसेफ, रूस के राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव, चीन के राष्ट्रपति हू जिंताओ तथा दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति जैकब जुमा उपस्थित थे।

वर्ष 2023 में 15वाँ ब्रिक्स शिखर सम्मलेन द. अफ्रीका की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**134. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही नहीं है?**

(a) 2011 जनगणना के अनन्तिम आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश की जनसंख्या ब्राजील की जनसंख्या से अधिक है।

(b) मैरीकॉम ने लन्दन ओलम्पिक 2012 में मुक्केबाजी में कांस्य पदक जीता।

(c) विश्व स्तनपान सप्ताह 2012 में अगस्त 1 से 7 तक मनाया गया।

(d) लन्दन ओलम्पिक 2012 के उद्घाटन दिवस समारोह में भारतीय टीम के ध्वज वाहक विजय कुमार थे।

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या** – लन्दन ओलम्पिक 2012 के उद्घाटन दिवस समारोह में भारतीय टीम के ध्वज वाहक सुशील कुमार थे जबकि समापन समारोह में भारतीय टीम की ध्वजवाहिका एम. सी. मैरीकाम थीं।

**135. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही नहीं है?**

(a) बहुचर्चित 'गॉड पार्टिकल' हिग्स बोसान है।

(b) क्षेत्रफल के अनुसार दमन और दीव सबसे छोटा संघ राज्य क्षेत्र है।

(c) भारत में सबसे बाद के रेमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता कुलन्देई फ्रांसिस हैं।

(d) 2012 के लन्दन ओलम्पिक में भारत ने 4 कांस्य पदक जीते।

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या** – स्विट्जरलैण्ड में यूरोपियन सेंटर फार न्यूक्लियर रिसर्च के वैज्ञानिकों ने घोषणा की कि गॉड पार्टिकल अर्थात् हिग्स बोसान की खोज कर ली गई है। लंदन ओलम्पिक 2012 में भारत ने कुल 6 पदक प्राप्त किये जिसमें दो रजत तथा 4 कांस्य पदक थे। वर्ष 2012 के रेमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता भारतीय कुलान्देई फ्रांसिस हैं। क्षेत्रफल के अनुसार सबसे छोटा राज्य लक्षद्वीप (32 वर्ग किमी.) है।

**136. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

1. अग्नि-II प्रक्षेपास्त्र जो हाल ही में छोड़ा गया है, की सतह से सतह मारक क्षमता 2000 कि.मी. है।
2. हेले थार्निंग शिमड्ट डेनमार्क की प्रथम महिला प्रधानमंत्री हैं।
3. 3 जून को अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के रूप में मनाया जाता है।
4. 'द अनटोल्ड स्टोरी' बी. एम. कौल द्वारा लिखी गयी।

**उपरोक्त कथनों में कौन से सही हैं?**

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 2, 3 और 4

(d) केवल 1, 2 और 4

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या** – प्रश्नगत कथन 1,2 और 4 सही हैं। जबकि अन्तर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस एक अक्टूबर को मनाया जाता है। वर्ष 2023 के अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस की थीम है - Fulfilling the Promises of the Universal Declaration of Human Rights for Older Persons : Across Generations.

**137. ऐडम सेतु शुरू होता है-**

(a) धनुष्कोडि से (b) मण्डपम से

(c) पम्बन से (d) रामेश्वरम् से

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या** –ऐडम सेतु हिन्दू पौराणिक मान्यताओं के अनुसार रामसेतु है तथा इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार आदम ब्रिज (Adam Bridge) है। यह भारत के तमिलनाडु में पंबन द्वीप/रामेश्वरम द्वीप और श्रीलंका में मन्नार द्वीप के बीच प्राकृतिक खनिज (मिनिरल) शोलों की एक शृंखला है। यह भारत में पंबन द्वीप के अंतिम छोर धनुष्कोडि से प्रारम्भ होता है।

## विविधा

**138. संयुक्त राष्ट्र महासभा (यू.एन.जी.ए.) ने निम्नलिखित में से किस वर्ष को ''अंतर्राष्ट्रीय चावल वर्ष'' (आई.वाई.आर.) घोषित किया था?**

(a) 2004 (b) 2005

(c) 2008 (d) 2009

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या** – संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2004 को अंतर्राष्ट्रीय चावल वर्ष घोषित किया था। वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष (International Year of Millets) के रूप में मनाया जा रहा है।

**139. जब भारत को विदेशी बैंकों में सोना रखना पड़ा उस समय भारत का प्रधान मंत्री कौन था?**

(a) पी. वी. नरसिम्हा राव

(b) वी. पी. सिंह

(c) राजीव गान्धी

(d) चन्द्रशेखर

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या** – जब भारत को विदेशी बैंकों में सोना रखना पड़ा उस समय भारत के प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर थे।

**140. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गये कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये :**

| सूची-I (ऐतिहासिक स्थल) | सूची-II (राज्य) |
|---|---|
| A. भीमबेटका | 1. असम |
| B. शोर टेम्पल | 2. मध्य प्रदेश |
| C. हम्पी | 3. तमिलनाडु |
| D. मानस | 4. कर्नाटक |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या** – सही सुमेलन है -

| ऐतिहासिक स्थल | | राज्य |
|---|---|---|
| भीमबेटका | – | मध्य प्रदेश |
| शोर टेम्पल | – | तमिलनाडु |
| हम्पी | – | कर्नाटक |
| मानस | – | असम। |



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

# उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी विशेष (प्री.) परीक्षा, 2010
# सामान्य हिन्दी
## हल प्रश्न-पत्र

**1. इनमें एक 'लहर' का पर्यायवाची शब्द नहीं है :**

(a) वीचि (b) दुकूल
(c) तरंग (d) हिलोर

उत्तर–(b)

**व्याख्या** – लहर का पर्यायवाची शब्द है – वीचि, तरंग, हिलोर जबकि दुकूल, वस्त्र का पर्यायवाची शब्द होता है।

**2. इनमें से एक शब्द 'देवता' का पर्याय है :**

(a) अलकेश (b) विबुध
(c) अनीक (d) ज्योतिष्क

उत्तर–(b)

**व्याख्या** – दिये गये विकल्पों में देवता का पर्याय विबुध है। देवता के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं – सुर, अमर, देव, आदित्य, गीर्वाण आदि।

**3. 'बगीचा' का पर्यायवाची शब्द है-**

(a) निर्जन (b) व्यजन
(c) आराम (d) कल्पशाल

उत्तर–(c)

**व्याख्या** – बगीचा का पर्यायवाची शब्द आराम है। निर्जन, व्यजन या कल्पशाल बगीचा के पर्यायवाची शब्द नहीं हैं।

**4. इनमें से 'तुरंग' शब्द का पर्याय है :**

(a) वाजि (b) अम्बुधर
(c) विजन (d) किंकर

उत्तर–(a)

**व्याख्या** – तुरंग का पर्यायवाची शब्द है – वाजि। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द हैं – घोटक, घोड़ा, सैन्धव, हय, रवि-पुत्र।

**5. 'विडौजा' पर्यायवाची शब्द है-**

(a) 'नक्षत्र' का (b) 'अप्सरा' का
(c) 'इन्द्र' का (d) 'पत्थर' का

उत्तर–(c)

**व्याख्या** – विडौजा पर्यायवाची शब्द इन्द्र का है। इन्द्र के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं – सुरपति, शचीपति, मघवा, शक्र, पुरन्दर, देवराज, अमरपति, वज्रधर आदि।

**6. 'मार' शब्द पर्यायवाची है-**

(a) 'जादू' का (b) 'स्वर्ण' का
(c) 'अधम' का (d) 'अनंग' का

उत्तर–(d)

**व्याख्या** – मार शब्द का पर्यायवाची शब्द अनंग है। अनंग का आशय कामदेव से है। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द हैं – मन्मथ, मदन, रतिपति, मनसिज, मकरध्वज, कन्दर्प, मीनकेतु आदि।

**7. इनमें से एक 'रसा' का पर्यायवाची शब्द नहीं है :**

(a) रत्नगर्भा (b) अचला
(c) धरित्री (d) तमिस्रा

उत्तर–(d)

**व्याख्या** – रसा का पर्यायवाची शब्द तमिस्रा नहीं है। अन्य विकल्प रत्नगर्भा, अचला और धरित्री, रसा के पर्यायवाची शब्द है।जबकि 'तमिस्रा' रात्रि का पर्यायवाची शब्द है।

**8. 'मृगेन्द्र' का पर्यायवाची शब्द है-**

(a) कुरंग (b) केसरी
(c) भुजंग (d) तुरंग

उत्तर–(b)

**व्याख्या** – मृगेन्द्र का पर्यायवाची शब्द केसरी है। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द व्याघ्र, शार्दूल, मृगराज हैं जबकि भुजंग, सर्प का पर्याय है तुरंग, घोड़े का पर्याय है।

**9. 'षट्पद' का पर्यायवाची शब्द है-**

(a) तितली (b) भ्रमर
(c) मकड़ी (d) केकड़ा

उत्तर–(b)

**व्याख्या** – षट्पद का पर्यायवाची शब्द भ्रमर है। इसके अन्य पर्याय हैं – भँवरा, अलि, द्विरेफ, मधुप आदि।

**10. इनमें से एक शब्द 'मछली' का पर्यायवाची नहीं है :**

(a) मत्स्य (b) मीन
(c) शफरी (d) जलोदरी

उत्तर–(d)

**व्याख्या** – मछली का पर्यायवाची शब्द मीन, मत्स्य, शफरी है, जबकि 'जलोदरी' मछली से सम्बन्ध नहीं रखता।

**11. 'ईप्सित' शब्द का विलोम है-**

(a) अनीप्सित (b) अभीप्सित
(c) अधीप्सित (d) कुत्सित

उत्तर–(a)

**व्याख्या** – इप्सित शब्द का विलोम अनीप्सित है अभीप्सित, अधीप्सित एवं कुत्सित इससे पृथक शब्द हैं।

**12. 'स्वजाति' का विलोम है-**

(a) अजाति (b) कुजाति
(c) सुजाति (d) विजाति

उत्तर–(d)

**व्याख्या** – स्वजाति का विलोम विजाति होता है। जबकि कुजाति, सुजाति एवं अजाति का संबंध स्वजाति से नहीं है।

**13. 'उन्मूलन' का विलोम है-**

(a) आमुलन (b) निमीलन
(c) समूलन (d) रोपण

उत्तर–(d)

**व्याख्या** – उन्मूलन का विलोम रोपण होता है। निमीलन, समूलन, आमुलन का इससे कोई सम्बन्ध नहीं है।

**14. 'अमित' शब्द का विलोम है-**

(a) सुमित (b) कुमित
(c) परिमित (d) दुर्मित

उत्तर–(c)



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या** – अमित का विलोम परिमित होता है। कुमित, दुर्मित एवं सुमित का इस शब्द से कोई आशय नहीं है।

**15. 'श्रीगणेश' शब्द का विलोम है-**
(a) इति (b) इतिश्री
(c) अथ (d) इत्यालम्
**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** – श्रीगणेश का शब्द विलोम 'इतिश्री' है। जबकि अथ का विलोम 'इति' होता है।

**16. 'धनी' का विलोम शब्द है-**
(a) धनहीन (b) अधीन
(c) अधनी (d) निर्धन
**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** – धनी का विलोम 'निर्धन' होता है। अधनी, अधीन एवं धनहीन, धनी के विलोम शब्द नहीं हैं।

**17. 'उन्मीलन' का विलोम शब्द है-**
(a) अवमीलन (b) सुमेलन
(c) अनुमीलन (d) निमीलन
**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** – उन्मीलन का विलोम शब्द 'निमीलन' होता है। शेष विकल्पों के शब्द असंगत हैं।

**18. 'अधिकृत' शब्द का विलोम है-**
(a) अनाधिकृत (b) अनधिकृत
(c) अनाधिकारिक (d) प्राधिकृत
**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** – अधिकृत का विलोम 'अनधिकृत' होता है जबकि प्राधिकृत, अनाधिकृत और अनाधिकारिक का अधिकृत से कोई सम्बन्ध नहीं है।

**19. 'अनुलोम' शब्द का विलोम है-**
(a) सुलोम (b) प्रतिलोम
(c) अनलोम (d) अवलोम
**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** – अनुलोम शब्द का विलोम 'प्रतिलोम' होता है। शेष विकल्पों के शब्द असंगत हैं।

**20. 'परिश्रम' का विलोम है-**
(a) आश्रम (b) विश्रम
(c) विश्राम (d) बिश्रांत
**उत्तर–(c)**

**व्याख्या** – परिश्रम का विपरीतार्थक शब्द विश्राम होगा, जबकि दिये गये अन्य विकल्पों में प्रयुक्त शब्द आश्रम, विश्रम और विश्रान्त का परिश्रम से कोई आशय नहीं है।

**21. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है :**
(a) यह रूमाल अच्छी है। (b) उसकी दही खट्टी है।
(c) कई हाथियां जा रही हैं। (d) उसका मकान बहुत अच्छा है।
**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** – दिये गये विकल्पों में शुद्ध वाक्य है- उसका मकान बहुत अच्छा है। शेष विकल्पों के वाक्य अशुद्ध हैं।

**22. इनमें से शुद्ध वाक्य है :**
(a) डॉ. गुप्ता हमारे पृभारी हैं।
(b) आज मैं इकतिस वर्ष का हो गया हूँ।
(c) इस वर्ष पहाड़ों पर जमकर तुषारपात हुआ है।
(d) हमें कभी हतोत्साहित नहीं होना चाहिए।
**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** – दिये गये विकल्पों में शुद्ध वाक्य है- हमें कभी हतोत्साहित नहीं होना चाहिए। शेष विकल्पों के वाक्य अशुद्ध हैं।

**23. निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनी का शब्द है :**
(a) वाँङ्मय (b) वांगमय
(c) वाङ्मय (d) बाँगमय
**उत्तर–(c)**

**व्याख्या** – 'वाङ्मय' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। शेष विकल्पों के शब्द त्रुटिपूर्ण हैं।

**24. इनमें से कौन सा वाक्य शुद्ध है?**
(a) मेरा गुप्त रहस्य कोई नहीं जानता।
(b) श्याम सज्जन आदमी है।
(c) उत्तर का अधिकांश भाग पहाड़ी है।
(d) इनमें से एक भी वाक्य शुद्ध नहीं है।
**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** – दिये गये विकल्पों में विकल्प (a) में गुप्त एवं रहस्य शब्द का प्रयोग एक ही भाव स्पष्ट करता है जो पुनरावृत्ति का द्योतक है। अतः रहस्य ही पर्याप्त आशय रखता है। इसी प्रकार श्याम सज्जन आदमी है। यहाँ पर श्याम सज्जन है से भाव की पूर्ति हो जा रही है। विकल्प (c) में अधिकांश भाग में अधिक + अंश पुनः आगे प्रयुक्त भाग अंश शब्द का पुनरावृत्ति है। अतः यह वाक्य भी दोषपूर्ण है। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

**25. इनमें से वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है :**
(a) अन्तर्धान (b) षष्ठ्म
(c) सहस्त्र (d) अनुषंगिक
**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** – वर्तनी की दृष्टि से विकल्प (a) अन्तर्धान शुद्ध है। अन्य विकल्प षष्ठ्म, सहस्त्र एवं अनुषंगिक वर्तनी की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण हैं। इसका शुद्ध शब्द होगा - षष्ठ, सहस्र एवं आनुषंगिक।

**26. इन नामों में से एक की वर्तनी अशुद्ध है :**
(a) कौसल्या (b) मैथिलीशरण गुप्त
(c) मेघनाद (d) राहुल सांस्कृत्यायन
**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** – वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द विकल्प (d) है। इसका शुद्ध वर्तनी रूप होगा – राहुल सांकृत्यायन। इसके अतिरिक्त अन्य विकल्प वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध हैं।

**27. इनमें से एक शब्द की वर्तनी अशुद्ध है :**
(a) अधीन (b) भागीरथी
(c) जागृत (d) अनुगृहीत
**उत्तर–(c)**

**व्याख्या** – दिये गये विकल्पों में विकल्प (c) त्रुटिपूर्ण है। जागृत का शुद्ध रूप जाग्रत होगा। अन्य विकल्प अधीन, भागीरथी और अनुगृहीत शुद्ध शब्द हैं।

**28. इनमें से शुद्ध वर्तनी का शब्द है :**
(a) ज्योत्सना (b) ज्योतसना
(c) ज्योत्स्ना (d) ज्यौत्स्ना
**उत्तर–(c)**

**व्याख्या** – उक्त दिये गये विकल्पों में ज्योत्स्ना शुद्ध वर्तनी का शब्द है। इसके अतिरिक्त अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

**29. इनमें से शुद्ध वर्तनी का शब्द है :**
(a) हिरण्यकशिपु (b) हिरण्यकश्यपु
(c) हिरण्यकश्यप (d) हिरण्यकस्यप
**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** – विकल्प (a) 'हिरण्यकशिपु' शुद्ध वर्तनी का शब्द है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

30. **इनमें से अशुद्ध वर्तनी का शब्द है :**
(a) महत्त्व (b) वाल्मीकि
(c) पैतृक (d) सन्यासी
**उत्तर–**(d)

**व्याख्या** – सन्यासी अशुद्ध वर्तनी का शब्द है। इसका शुद्ध वर्तनी संन्यासी होगा। जबकि महत्त्व, पैतृक,वाल्मीकि की वर्तनी शुद्ध है।

31. **'हाथी की पीठ पर रखे जाने वाले आसन' के लिए शुद्ध शब्द है-**
(a) जीन (b) हौदा
(c) काठी (d) बख्तर
**उत्तर–**(b)

**व्याख्या** – हाथी की पीठ पर रखे जाने वाले आसन को 'हौदा' के नाम से जाना जाता है। जबकि काठी का उपयोग ऊँट के लिए होता है। गाड़ियों पर सुरक्षा के लिए बख्तर का प्रयोग किया जाता है।

32. **'जिसे प्रमाण द्वारा सिद्ध न किया जा सके' उसके लिए सही शब्द है-**
(a) अप्रमाणित (b) अनुप्रमेय
(c) अप्रमेय (d) अप्रामाणिक
**उत्तर–**(c)

**व्याख्या** – जिसे प्रमाण द्वारा सिद्ध न किया जा सके उसके लिए उपयुक्त शब्द अप्रमेय होता है।

33. **'उपनिवेश से सम्बन्ध हो जिसका' उसके लिए एक शब्द है-**
(a) उपनिवेशिक (b) औपनिवेशिक
(c) औपन्यासिक (d) उपनिवेशवाद
**उत्तर–**(b)

**व्याख्या** – 'उपनिवेश से सम्बन्ध हो जिसका' उसके लिए एक शब्द 'औपनिवेशिक' है।

34. **इनमें से एक के लिए प्रयोज्य शब्द है – 'असूर्यम्पश्या' :**
(a) वह स्थान जहां सूर्य दिखायी न दे।
(b) वह स्थान जहां सूर्य का प्रखर प्रकाश बड़ा कष्टकारी होता है।
(c) वे प्राणी जो सूर्य का दर्शन न कर पायें।
(d) रनिवास में कड़े पर्दे में रहने वाली स्त्री।
**उत्तर–**(d)

**व्याख्या** – असूर्यम्पश्या का आशय है–'रनिवास में कड़े पर्दे में रहने वाली स्त्री।'

35. **'उत्तराधिकार में प्राप्त सम्पत्ति' के लिए एक शब्द है-**
(a) रिक्थ (b) धरोहर
(c) वसीयत (d) संदाय
**उत्तर–**(a)

**व्याख्या** – 'उत्तराधिकार में प्राप्त सम्पत्ति' के लिए एक शब्द है 'रिक्थ'।

36. **'गिरा हुआ' के लिए एक शब्द है-**
(a) पतित (b) लुंठित
(c) धराशायी (d) पातकी
**उत्तर–**(a)

**व्याख्या** – 'गिरा हुआ' के लिए एक शब्द है पतित।

37. **निम्नलिखित वाक्य खण्डों में से एक के लिए प्रयुक्त होने वाला शब्द है 'स्वयंसेवक' :**
(a) सबकी सेवा करने वाला।
(b) स्वयं की सेवा करने वाला।
(c) अपनी इच्छा से दूसरों की सेवा करने वाला।
(d) बिना वेतन के काम करने वाला सेवक।
**उत्तर–**(c)

**व्याख्या** – 'अपनी इच्छा से दूसरों की सेवा करने वाला' के लिए उपयुक्त शब्द स्वयंसेवक है। जबकि 'बिना वेतन के काम करने वाले को' अवैतनिक कहा जाता है।

38. **'गुरु के समीप रह कर शिक्षा ग्रहण करने वाला' के लिए एक शब्द है-**
(a) गुरुकुलवासी (b) छात्रावासी
(c) अन्तेवासी (d) आश्रमवासी
**उत्तर–**(c)

**व्याख्या** – 'गुरु के समीप रह कर शिक्षा ग्रहण करने वाला' के लिए एक शब्द है 'अन्तेवासी'।

39. **'अपना उद्देश्य पूर्ण होने पर संतुष्ट' ऐसे व्यक्ति के लिए एक शब्द है-**
(a) चिरप्रसन्न (b) कृतज्ञ
(c) आभारी (d) कृतार्थ
**उत्तर–**(d)

**व्याख्या** – अपना उद्देश्य पूर्ण होने पर संतुष्ट व्यक्ति को कृतार्थ कहा जाता है। जबकि जो हमेशा प्रसन्न रहने वाला है, उसके लिए चिर प्रसन्न शब्द उपयुक्त होगा और जो किये हुए उपकार को मानता है उसे कृतज्ञ कहते हैं।

40. **'नियमविरुद्ध, असामाजिक कार्य करने वालों की सूची' के लिए एक शब्द है-**
(a) अपराधसूची (b) कालीसूची
(c) अवैधसूची (d) श्वेतसूची
**उत्तर–**(b)

**व्याख्या** – 'नियमविरुद्ध, असामाजिक कार्य करने वालों की सूची' के लिये एक शब्द 'कालीसूची' है।

41. **'देवर' का तत्सम रूप है-**
(a) द्विवर (b) द्वितीयवर (c) दूभर (d) दुर्बह
**उत्तर–**(a)

**व्याख्या** – देवर का तत्सम शब्द 'द्विवर' है। शेष विकल्पों के शब्द असंगत हैं।

42. **इनमें से कौन सा शब्द तत्सम नहीं है?**
(a) अग्नि (b) घोटक (c) घट (d) मोती
**उत्तर–**(d)

**व्याख्या** – दिये गये चारों विकल्पों में मोती शब्द तत्सम नहीं है। इसका तत्सम रूप मौक्तिक होगा। अन्य शब्द अग्नि, घोटक और घट तत्सम शब्द हैं। इनका तद्भव शब्द क्रमशः होगा – आग, घोड़ा और घड़ा।

43. **'पलँग' शब्द का तत्सम रूप है-**
(a) पलँगा (b) प्लवंग
(c) पर्यंक (d) पटल
**उत्तर–**(c)

**व्याख्या** – पलँग शब्द का तत्सम रूप है – 'पर्यंक'। शेष विकल्पों के शब्द असंगत हैं।

44. **इनमें से एक शब्द तद्भव है :**
(a) दिवस (b) अंधकार
(c) स्कन्ध (d) कपास
**उत्तर–**(d)

**व्याख्या** – दिये गये विकल्पों में कपास शब्द तद्भव है। इसका तत्सम रूप कर्पास होगा। जबकि स्कन्ध का तद्भव कन्धा, अन्धकार का अँधेरा तथा दिवस का तद्भव दिन होता है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**45. 'अखरोट' शब्द का तत्सम रूप है-**
(a) अक्षवाट (b) अक्षोट
(c) अक्षरोट (d) अषरोट
**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** – अखरोट शब्द का तत्सम रूप है – अक्षोट। शेष विकल्पों के शब्द असंगत हैं।

**46. 'अकार्य' शब्द का तद्भव रूप है-**
(a) अकाम (b) अकाज
(c) अकारथ (d) इनमें से कोई नहीं
**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** – अकार्य शब्द का तद्भव रूप है – अकाज। शेष विकल्पों के शब्द असंगत हैं।

**47. 'टकसाल' का तत्सम रूप है-**
(a) टंकशाला (b) टंकशाल
(c) टकशाल (d) टकशाला
**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** – टकसाल का तत्सम रूप है – टंकशाला। शेष विकल्पों के शब्द असंगत हैं।

**48. इनमें से तत्सम शब्द है :**
(a) भैंस (b) बारह (c) सच (d) पद
**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** – दिये गये विकल्पों में तत्सम शब्द 'पद' है। शेष विकल्पों के शब्द असंगत हैं।

**49. 'गोबर' का तत्सम रूप है-**
(a) गुर्बर (b) गोमय (c) गह्वर (d) गुब्बर
**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** – गोबर का तत्सम रूप है – गोमय/गोविष्ट/गोविट। शेष विकल्पों के शब्द असंगत हैं।

**50. 'माँ' का तत्सम रूप है-**
(a) मातृ (b) मातृका (c) माताश्री (d) मातुश्री
**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** – 'माँ' का तत्सम रूप मातृ होता है। शेष विकल्पों के शब्द असंगत हैं।

**51. इनमें से कौन सा शब्द विशेषण नहीं है?**
(a) भयभीत (b) निर्भीक
(c) भीरु (d) भव
**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** – उपर्युक्त विकल्पों में भव शब्द विशेषण नहीं है। जबकि निर्भीक, भीरु और भयभीत शब्द विशेषण हैं।

**52. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द विशेषण है?**
(a) सुन्दरता (b) कवि
(c) विद्वान (d) भलाई
**उत्तर–(c)**

**व्याख्या** – निर्दिष्ट विकल्पों में 'विद्वान' शब्द विशेषण है। जबकि कवि, भलाई और सुन्दरता संज्ञा शब्द हैं।

**53. 'वह कृशकाय व्यक्ति दौड़ने लगा' – इस वाक्य में विशेष्य है-**
(a) व्यक्ति (b) कृशकाय
(c) वह (d) दौड़ने लगा
**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** – 'वह कृशकाय व्यक्ति दौड़ने लगा' इस वाक्य में विशेष्य शब्द 'व्यक्ति' है। जबकि कृशकाय विशेषण शब्द है।

**54. 'जिस विकारी शब्द से संज्ञा की व्याप्ति मर्यादित होती है' उसे कहते हैं-**
(a) विशेष्य (b) विशेषण
(c) विशेषण एवं विशेष्य (d) विशिष्ट
**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** – जिस विकारी शब्द से संज्ञा की व्याप्ति मर्यादित होती है उसे 'विशेषण' कहते हैं।

**55. निम्नलिखित शब्दों में से विशेषण शब्द है-**
(a) पाँचवाँ (b) प्रपंच (c) सरपंच (d) पहुँच
**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** – दिये गये विकल्पों में विकल्प (a) 'पाँचवाँ' शब्द संख्यावाचक विशेषण है। जिस विशेषण से संज्ञा या सर्वनाम की संख्या का बोध हो उसे संख्यात्मक विशेषण कहते हैं।

**56. निम्नलिखित में से क्रिया-विशेषण है :**
(a) अँधेरा (b) धीरे-धीरे
(c) चाल-चलन (d) सुन्दर
**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** – 'धीरे-धीरे' क्रिया विशेषण शब्द है। जो शब्द क्रिया की विशेषता बताते हैं उसे क्रिया विशेषण भी कहते हैं।

**57. 'दोनों' शब्द किस प्रकार का संख्यावाचक विशेषण है?**
(a) समुदायबोधक (b) पुनरुक्तिबोधक
(c) आवृत्तिबोधक (d) क्रमबोधक
**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** – 'दोनों' शब्द समुदायबोधक संख्यावाचक विशेषण है। क्योंकि इससे एक समुदाय का स्पष्टीकरण होता है।
संख्यावाचक विशेषण के निम्न भेद हैं-
(अ) निश्चित संख्यावाचक (गणनावाचक, क्रमवाचक, आवृत्तिवाचक, समुदायवाचक और प्रत्येकबोधक)
(ब) अनिश्चित संख्यावाचक
(स) परिमाण बोधक

**58. 'प्रतिदिन' किस प्रकार का क्रिया-विशेषण है?**
(a) रीतिवाचक (b) परिमाणवाचक
(c) स्थानवाचक (d) कालवाचक
**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** – दिये गये विकल्पों में 'प्रतिदिन' कालवाचक क्रिया विशेषण है।

**59. इनमें से किस वाक्य में गलत विशेषण प्रयुक्त हुआ है?**
(a) कविता परिश्रमी युवती है।
(b) प्रबुद्धजनों से हमारी अपेक्षा है।
(c) यही सरकारी महिलाओं का अस्पताल है।
(d) वह अच्छा आदमी था, लेकिन काम न आया।
**उत्तर–(c)**

**व्याख्या** – दिये गये विकल्पो में विकल्प (c) त्रुटिपूर्ण वाक्य है। 'यही सरकारी महिलाओं का अस्पताल है।' इसमें शब्द क्रम दोष है। सही वाक्य होगा – 'यह महिलाओं का सरकारी अस्पताल है।'

**60. 'गुणवाचक विशेषण' के कितने भेद हैं?**
(a) चार (b) पाँच (c) छह (d) सात
**उत्तर–(c)**

**व्याख्या** – जिस शब्द से संज्ञा का गुण, दशा, स्वभाव आदि लक्षित हो उसे गुणवाचक विशेषण कहते हैं। इसके भेद निम्न हैं – काल, स्थान, आकार, रंग, दशा, गुण।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"